

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




**12** मार्च 2026 तक देश को नसली हिंसा से मंव्द्धत करा देंगे........ **12**

बसपा का अब किसी चंव्द्धनाव में सपा या कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा........ **12**


वर्ष : 15 | अंक : 135 | नई दिल्ली, सोमवार, 26 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकाम शुभकामनायें दी है हैं। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि भारतीय संस्कृति और परम्परा में पर्व-त्योहारों की एक लंबी श्रृंखला है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं विविधता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि प्रतिवर्ष भादो माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के त्योहार के रूप में बड़े धूमधाम से पारम्परिक रीति रिवाज के अनुसार मनाया जाता है। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके कर्मयोग के उपदेश को लोग आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं तथा अपने सुख, समृद्धि एवं सफलता की कामना करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि यह पर्व प्रदेश में सामाजिक समरसता, प्रेम और उत्साह के वातावरण को और मजबूत करेगा तथा बिहार सुखी, समृद्ध और विकसित प्रदेश बनेगा।

### मुख्यमंत्री ने हजरत इमाम हुसैन को दी श्रद्धांजलि

पटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चेहल्लुम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के तमाम शहीदों को याद करते हुये उन्हें अपनी श्रद्धांजलि पेश की और कहा कि हजरत इमाम हुसैन की कुबार्नी अमर है। हम सबको इससे प्रेरणा लेकर नफरत के विरुद्ध इंसाफ, सच्चाई, भलाई और हक के परचम को बुलंद रखने का संकल्प लेना चाहिये। यही हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के तमाम शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री ने चेहल्लुम को आपसी भाईचारा, पारस्परिक प्रेम, सामाजिक सद्भाव, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की प्रदेश एवं देशवासियों से अपील की।


### मोदी ने तेलुगू भाषा दिवस, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और ओणम की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने 29 तारीख को तेलुगू भाषा दिवस के मद्देनजर तेलुगु भाषियों को इसकी शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही उन्होंने जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम और मिलाद उन नबी की शुभकामनाएं दी है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में ये शुभकामनाएं देते हुये कहा, प्रपंच व्याप्तंगा उन्न, तेलुगु वारिकि, तेलुगु भाषा दिनोत्सव शुभाकांक्षलु। उन्होंने कहा, ह्लकुछ ही दिनों में अनेक त्योहार आने वाले हैं। मैं, आप सभी को उनकी ढेर सारी शुभकामनाएँ देता हूँ। जन्माष्टमी का त्योहार भी है। अगले महीने शुरूआत में ही गणेश चतुर्थी का भी पर्व है। ओणम का त्योहार भी करीब है। मिलाद-उन-नबी की भी बधाई देता हूं। उन्होंने लोगों से बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि वह कैच द रेन मूवमेंट का हिस्सा बनने का भी आग्रह भी दोहरा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कई बिंदुओं पर की चर्चा

# बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले नई युवा पीढ़ी के राजनीति में आने से लोकतंत्र होगा मजबूत: मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान राजनीति में आने के लिये तैयार बैठे हैं जिनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है और इससे देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नई उर्जा, नया जोश एवं नया अनुभव मिलेगा। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि इस साल उन्होंने लाल किले से बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। उनकी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में देश के युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस विषय पर देश-भर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने कई तरह के सुझाव भी भेजे हैं। कुछ युवाओं ने पत्र में लिखा है कि ये उनके लिए वाकई अकल्पनीय है। दादा या माता-पिता की कोई राजनीतिक विरासत नहीं होने की वजह से, वे, राजनीति में चाहकर भी नहीं आ पाते थे। कुछ युवाओं ने लिखा कि उनके पास जमीनी स्तर पर काम करने का अच्छा अनुभव है, इसलिए, वे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं। कुछ युवाओं ने ये भी लिखा कि परिवारवादी राजनीति, नई प्रतिभाओं का दमन कर देती है। कुछ युवाओं ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

श्री मोदी ने कहा, मैं इस विषय पर सुझाव भेजने के लिए हर किसी का धन्यवाद करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि अब हमारे सामूहिक प्रयास से ऐसे युवा, जिनका कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है, वे भी राजनीति में आगे आ सकेंगे, उनका अनुभव, और उनका जोश, देश के काम आएगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेकों लोग सामने आए थे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्होंने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है। उन्होंने कहा, ह्यमैं अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा इस अभियान से जरूर जुड़ें। आपका ये कदम आपके और देश के भविष्य को बदलने वाला होगा।

### स्पेस टेक्नोलॉजी से होगा जय जवान और जय किसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के दौरान स्पेस सेक्टर में भारत की उपलब्धियों पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को ही सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले बार इसी दिन चंद्रयान 3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव शक्ति पॉइंट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत में कितना कुछ हो रहा है जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के इस एपिसोड में स्पेस सेक्टर से जुड़े आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों के स्टार्टअप गैलेक्सी -ई के युवाओं से बात की। प्रधानमंत्री ने इन युवाओं से पूछा कि आपकी टेक्नोलॉजी से देश को कितना लाभ होने वाला है? छात्रों ने बताया कि उनकी यह टेक्नोलॉजी अंतरिक्ष से बादलों के आरपार देख सकती है। इस तकनीक की मदद से रात के समय भी स्पष्ट देखा जा सकता है। इससे देश के किसी भी कोने के ऊपर रोज एक साफ तस्वीर खींच सकते हैं। युवाओं ने प्रधानमंत्री को बताया कि इस डाटा का इस्तेमाल दो क्षेत्र में करेंगे। पहला है भारत को अत्यंत सुरक्षित बनाना। हमारे बॉर्डर और समुद्र के ऊपर हम रोज मॉनिटरिंग करेंगे। दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और इससे जुड़ी इंटेलिजेंस अपने सुरक्षा बलों को देंगे। इसके साथ ही इससे किसानों की मदद भी की जाएगी।

## मादक पदार्थों का अवैध कारोबार भारत के लिए चुनौती : शाह

### गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को किया संबोधित




प्रात : किरण

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि यदि दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ आगे बढ़ा जाए, तो देश इस खतरे के खिलाफ लड़ाई जीत सकता है। शाह ने रविवार को नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वासह्ल करने के चार सूत्रों पर जोर दिया। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक वैश्विक मुद्दा है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़ें तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ अपनी लड़ाई हार चुके हैं। शाह ने कहा, मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए।

## चिराग फिर बने लोजपा रामबिलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष

- बोलें-झारखंड की राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है लोजपा रामविलास

प्रात : किरण



रांची। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रविवार को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान सेवा विमान से रांची पहुंचे थे। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिशन ब्लू तक पार्टी कार्यकताओं ने चिराग पासवान का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक हिस्सा लिया, जहां सर्वसम्मति से उन्हें लोजपा का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने का बाद उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इसके पूर्व एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि उनकी इच्छा है कि राज्य में उनकी पार्टी विधानसभा का चुनाव लड़े और अपनी पार्टी की मजबूत उपस्थिति झारखंड में दर्ज कराए। हम इस राज्य के लिए बेहतर सोचते हैं। चिराग पासवान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह बिहारी हैं और जब उन्होंने जन्म लिया था तब बिहार झारखंड एक था। आज वह केंद्र की सरकार में मजबूत विभाग के मंत्री हैं। ऐसे में वह चाहेंगे कि यह राज्य विकास के मामले में मजबूती से आगे बढ़े। अपने विभाग के माध्यम से वह राज्य की हरसंभव मदद करने की कोशिश करेंगे। चिराग पासवान ने कहा कि रांची में होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में कई एजेंडे पर चर्चा होगी, जिसमें एससी-एसटी आरक्षण में उप वर्गीकरण के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर भी बात होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मामले पर जल्द केंद्र सरकार सकारात्मक फैसला ले लेगी। इसके बाद वे सीधा बिरसा चौक गये, जहां उन्होंने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि। इसके बाद वे पार्टी की बैठक में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गये।

## सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कोलकाता में मारे छापे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में इसके पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक सह उप प्राचार्य (एमएसवीपी) संजय वशिष्ठ और 13 अन्य लोगों के कोलकाता में एवं उसके आसपास स्थित परिसरों में रविवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने मरीजों की देखभाल और प्रबंधन के लिए सामग्री की आपूर्ति से जुड़े लोगों के आवासों और कार्यालयों पर भी छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के कम से कम सात अधिकारी सुबह आठ बजे से घोष से बेलियाघाटा स्थित उनके आवास पर पूछताछ कर रहे हैं, जबकि अन्य अधिकारी वशिष्ठ एवं चिकित्सा प्रतिष्ठान के फॉरेंसिक-मेडिसिन विभाग के एक और प्रोफेसर समेत अन्य से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बलों के एक बड़े दल के साथ सुबह करीब छह बजे घोष के आवास पर पहुंची सीबीआई की टीम को करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद पूर्व प्राचार्य ने दरवाजा खोला। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अन्य अधिकारी हावड़ा में एक आपूर्तिकर्ता के घर गए। उन्होंने कहा, वशिष्ठ से पूछताछ की जा रही है कि जब वह एमएसवीपी थे, तब अस्पताल में हुई वित्तीय अनियमितताओं के बारे में उन्हें कितनी जानकारी थी। सीबीआई अधिकारियों के एक अन्य दल ने अस्पताल में पूर्व प्राचार्य के कार्यालय पर भी छापा मारा और वह शैक्षणिक भवन की कैंटीन (भोजनालय) में भी गया।

## कांग्रेस ने घरेलू आय में अभूतपूर्व गिरावट को लेकर की सरकार की आलोचना

प्रात : किरण

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण वास्तविक घरेलू आय में अभूतपूर्व गिरावट आई है और उसने कहा कि शुतुरमुर्ग वाली कहावत की तरह सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष खड़ी सबसे बुनियादी चुनौती के प्रति आंखें बंद किए हुए है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि एक जानी-मानी ब्रोकरेज कंपनी की नई रिपोर्ट ने एक बार फिर उस सच्चाई को सामने ला दिया है जिसे केंद्र सरकार लगातार नकारती रही है : भारत में वास्तविक घरेलू आय में लगातार गिरावट आ रही है। उन्होंने एक बयान में कहा, धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण वास्तविक मजदूरी (महंगाई के हिसाब से समायोजित वेतन) या कहें कि आय में अभूतपूर्व गिरावट आयी है। रमेश ने कहा कि कई सर्वेक्षण और डेटा, जिनमें अपंजीकृत उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण , भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा और घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण शामिल हैं, ने कामकाजी भारतीयों के बीच वित्तीय संकट को दशार्या है। उन्होंने कहा कि सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित डेटा के कई स्रोतों ने इस बात के स्पष्ट प्रमाण भी दिखाए हैं कि श्रमिकों की क्रय शक्ति (खरीदारी करने की क्षमता) 10 साल पहले की तुलना में आज कम हो गयी है। कांग्रेस नेता ने कहा, श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी डेटा) : श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी 2014-2023 के बीच स्थिर रही और 2019-2024 के बीच इसमें गिरावट आयी है। कृषि मंत्रालय की कृषि सांख्यिकी (सरकारी डेटा) : डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में हर साल शून्य से नीचे 1.3 प्रतिशत की गिरावट आयी।

## राजनाथ ने अमेरिका के नौसेना वारफेयर सेंटर का किया दौरा



नई दिल्ली। अमेरिका की यात्रा पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मेम्फिस, टेनेसी में नेवल सर्फेस वारफेयर सेंटर में विलियम बी मॉर्गन लार्ज कैविटेशन चैनल (एलसीसी) का दौरा किया। एलसीसी पनडुब्बियों, टॉरपीडो, नौसैनिक जहाजों और प्रोपेलर के परीक्षण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से सबसे उन्नत जल सुरंग सुविधा में से एक है। रक्षा मंत्री को सुविधा के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने एक वास्तविक सुरंग प्रयोग भी देखा। श्री सिंह के साथ अमेरिका में भारत के राजदूत, भारतीय नौसेना के महानिदेशक संचालन और डीआरडीओ रक्षा प्रौद्योगिकी के अधिकारियों सहित अन्य लोग मौजूद थे। अमेरिकी नौसेना के उप अवर सचिव ने उनका स्वागत किया और कमांडर तथा तकनीकी निदेशक ने उन्हें जानकारी दी। इस चर्चा का उद्देश्य भारत में स्वदेशी डिजाइन और विकास के लिए समान सुविधा की स्थापना के लिए मौजूदा प्रस्ताव पर विचार करना भी है।

**समापन** दोनों देशों ने आपसी हित और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की...............

# खत्म हुआ भारत-श्रीलंका की सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति

प्रात : किरण



नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच श्रीलंका के मदुरु ओया स्थित आर्मी ट्रेनिंग स्कूल में चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति का समापन रविवार को भव्य समारोह के साथ हो गया। अभ्यास के आखिरी दिन भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने श्रीलंका के सीडीएस जनरल शैवेन्द्र सिल्वा से टेलीफोनिक वार्ता करके दोनों देशों की सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति सहित आपसी हित और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। भारत और श्रीलंका के बीच 12 अगस्त से शुरू हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति के 10वें संस्करण का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और शहरी आतंकवाद से निपटने में क्षमताओं को बढ़ाना और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग को मजबूत करना था। इस लिहाज से भारतीय और श्रीलंकाई सेना के बीच अंतर-संचालन क्षमता में वृद्धि होने के साथ ही आपसी सहयोग मजबूत हुआ। इस दौरान भारत और श्रीलंका की सेनाओं ने आर्मी ट्रेनिंग स्कूल में 78वें भारतीय स्वतंत्रता दिवस पर संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने टेलीफोन पर श्रीलंका के सीडीएस जनरल शैवेन्द्र सिल्वा से बातचीत की। उन्होंने भारत और श्रीलंका के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति सहित आपसी हित और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों सैन्य अधिकारियों ने माना कि भारत और श्रीलंका की सेनाओं ने अभ्यास के दौरान आतंकवाद विरोधी सफल अभियानों में अद्वितीय विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है, जो जटिल सुरक्षा चुनौतियों के प्रबंधन में उनके व्यापक अनुभव और दक्षता का प्रमाण है। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अभ्यास मित्र शक्ति में दोनों सेनाओं ने आपसी समझ और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए अपने-अपने ज्ञान और रणनीतियों का लाभ उठाया है। इस संयुक्त अभ्यास ने सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, सामरिक दृष्टिकोण को परिष्कृत करने और आतंकवाद के खिलाफ सहयोगी प्रयासों को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान किया है। अपने कौशल और अनुभवों को एकीकृत करके भारतीय और श्रीलंकाई सेनाओं ने अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक गहरी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दिया है।



## राज्यपाल - मुख्यमंत्री ने बीपी मंडल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण

पटना। भूतपूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पटना के देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ चौराहा स्थित आदम कद प्रतिमा के समीप जयंती के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री स्व बीपी मंडल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, भजन-कीर्तन एवं बिहार गीत का गायन किया।

### पीएम ने जलगांव में लखपति दीदियों से की बातचीत

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदियों से बातचीत की। लखपति दीदी स्वयं सहायता समूहों की उन महिलाओं को कहा जाता है जो सालाना एक लाख रुपये कमा रही हैं। प्रधानमंत्री 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। जलगांव में महिलाओं के एक समूह ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने कुछ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों से बातचीत की। अधिकारियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूह पशुधन क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि अन्य कृषि सखी और नमो ड्रोन दीदी जैसी सरकारी योजनाओं में काम कर रही हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने वाले अधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकताओं को पूरा करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में मदद मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जाखन नदी में आए उफान से सूर्यधार-सनगांव मार्ग का एक हिस्सा बहा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** डोईवाला और डोईवाला से सटे हुए टिहरी क्षेत्र के पहाड़ों में पिछले कुछ घंटों के दौरान हुई भारी बारिश के कारण जाखन नदी में इस सीजन का सबसे अधिक पानी आया। जिससे सूर्यधार-सनगांव मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह नदी में समा गया। जिससे दर्जनों पहाड़ी गांवों के सैकड़ों लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार रात हुई भारी बारिश के बाद बुधवार सुबह जब लोग सूर्यधार-सनगांव से भोगपुर थानो मार्ग मुख्य मार्ग की तरफ जाने लगे तो उन्हे सूर्यधार-सनगांव मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिया। इससे पहले सोमवार को जाखन नदी के तेज बहाव में इसी मार्ग की सुरक्षा दीवार और पुश्ता तेज बहाव में बह गया था। सुरक्षा दीवार और पुश्ता बहने के बाद इसी स्थान से बुधवार को मार्ग का एक हिस्सा भी नदी में समा गया। मार्ग का हिस्सा बहने के कारण पहाड़ी क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों का संपर्क भोगपुर-थानो मुख्य मार्ग से कटने का खतरा बढ गया है। फिलहाल जाखन नदी उफनती हुई बह रही है। जाखन नदी का यह उफान रानीपोखरी पुल से भी दिखाई दे रहा है। इस सीजन में पहली बार रानीपोखरी पुल के नीचे पानी का अधिक बहाव दिखाई दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत रावत कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार कई घंटों की तेज बारिश के कारण जाखन और उसकी सहायक नदियों में पानी आता है। जिससे जाखन नदी में उफान आ जाता है। अधिकांश बार अगस्त के माह में ही जाखन नदी में उफान दिखाई देता है।

### नमाज पढ़कर लौटे व्यक्ति और परिवार पर जानलेवा हमला

**रुद्रपुर, एजेंसी।** नमाज पढ़कर लौटे एक व्यक्ति और परिवार को कुछ लोगों ने पीट दिया। आरोप है कि पीड़ित की पत्नी के गले से सोने की चेन लूटी गई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने 17 नामजद और सात अज्ञात पर केस दर्ज किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में वार्ड नंबर 15 पहाड़गंज निवासी नवाब अली ने कहा है कि बीते 21 मार्च की शाम वह नमाज पढ़कर मस्जिद से अपने घर पहुंचा। आरोप है कि इस बीच घात लगाये बैठे पहाड़गंज निवासी असगर, छोटे अबरार, जावेद टुकटुक वाला, शाकिल, नन्हे, फैसल, इक्लास, अखलाक, साहिल, इशरत, मारूफ, मकसूद, सलमान, अमन, अमीर अहमद, नाजिश और छह अन्य लोग उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने तलवार व डंडों से हमला कर दिया। इसमें उनके सिर, कमर, हाथ- पैरों पर चोटें आई हैं। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर उनकी पत्नी, बेटे रिजवान, फैजान, बिलाल बचाने आ गए। इस पर हमलावरों ने उन्हें भी पीट दिया। आरोप है कि उनकी पत्नी यासमीन को पीटा गया और स्त्री लज्जा भंग की गई। आरोपियों ने पत्नी के गले से सोने की चेन खींच ली थी। 21 मार्च को उन्होंने रंपुरा चौकी में तहरीर दी थी, लेकिन चौकी प्रभारी ने नहीं लिया था। इसके बाद उन्होंने डाक से एसएसपी को प्रार्थना पत्र भेजा था, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उनको न्यायालय की शरण लेनी पड़ी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### जिला अस्पताल की रेडियोलॉजिस्ट का तबादला

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला चिकित्सालय से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. कुसुमलता का स्थानांतरण हल्द्वानी चिकित्सालय में कर दिया गया है। उनके स्थान पर बागेश्वर से डॉ. आराधना नेगी को जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा भेजा गया है। डॉ. रविशंकर का स्थानांतरण राजकीय एलौपैथिक चिकित्सालय असगौली से सीएमओ कार्यालय अल्मोड़ा में किया गया है। डॉ. पीयूष रंजन को सीएचसी भिकियासैंण से सीएमओ कार्यालय ऊधमसिंह नगर भेजा गया है। हल्द्वानी में तैनात डॉ. लता पांगती को रानीखेत स्थित उपचिकित्सालय में भेजा गया है। बागेश्वर से डॉ. प्रमोद जंगपांगी को भी अल्मोड़ा भेजा गया है। जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा के वरिष्ठ माइक्रोबॉयोलोजिस्ट डॉ. अखिलेश को महिला चिकित्सालय हल्द्वानी भेजा गया है। पीएचसी हवालबाग से डॉ. रंजन तिवारी को सीएमओ कार्यालय ऊधमसिंह नगर भेजा गया है।

## रिश्तों की डोर से मजबूत निकली जमीन की भूख, दो सगे भाइयों ने मिलकर भतीजे को मार डाला

**नानकमत्ता, एजेंसी।** नानकसार डैम पार में जमीन की रंजिश में दो सगे चाचा ने रात में अपने घर में सो रहे दो सगे भतीजों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। एक भतीजे की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही हत्यारोपित फरार हो गए। फरार हत्यारोपित भाइयों पर केस दर्ज कर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

नानकसागर डैम पार स्थित ग्राम चेतुवाखेड़ा निवासी स्वरूप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि उसके सगे भाई मलकीत सिंह और मिल्खा सिंह ऊर्फ मिला पुत्र महेंद्र सिंह जमीन विवाद को लेकर उनसे रंजिश रखते हैं। इसको लेकर परिवार में अक्सर कहासुनी होती है।

आरोप है कि शुक्रवार रात घर में सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। दोनों पुत्र 22 वर्षीय बलविंदर सिंह और 18 वर्षीय बंटी अंदर सो रहे थे। जबकि वह कमरे के बाहर चारपाई पर सो रहा था। इसी बीच उसके छोटे भाई मलकीत सिंह व मिल्खा सिंह आए और रात 11 बजे उसके दोनों पुत्रों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जब तक स्वजन कुछ समझ पाते, हमला कर दोनों फरार हो गए।

वह घायल दोनों पुत्रों को अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने बलविंदर को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल बंटी को हल्द्वानी रेफर कर दिया। हत्या की सूचना पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बाद में पुलिस ने स्वरूप सिंह की तहरीर पर मलकीत सिंह व मिल्खा सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सीओ सितारगंज बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि हत्यारोपितों की तलाश की जा रही है। इसके लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

# साइबर ठग ने भाई को हत्यारा बताकर छोड़ने के एवज में युवती से 50 हजार ठगे



**हरिद्वार, एजेंसी।** साइबर ठग ने एक युवती से उसके भाई को अधिवक्ता की हत्या का आरोपित बता उसे छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये ठग लिए। आरोपित ने खुद को सीबीआइ अधिकारी बताया। इससे घबराई युवती ने तत्काल उसके बताए बैंक खाते में रकम भेज दी। गनीमत रही कि ठगी का पता चलते ही युवती ने पुलिस से शिकायत कर दी। साइबर सेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित को भेजी गई धनराशि होल्ड कराकर पीड़िता को वापस दिला दी।

असल में आरोपित ने आठ लाख रुपये की मांग की थी और पीड़िता ने 50 हजार रुपये भेजने के बाद स्वजन से बात कर ली, जिससे पता चला कि भाई घर पर ही है। अब पीड़िता की शिकायत पर ज्वालापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने अनुसार, मूल रूप से उदयपुर (राजस्थान) निवासी टीना त्रिपाठी यहां आर्यनगर चौक स्थित शिव विहार कालोनी में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। टीना ने शुक्रवार को लिखित शिकायत देकर बताया कि छह जून को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया।

फोन करने वाले शख्स ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर राजेश मिश्रा बताते हुए कहा कि उनका भाई एक अधिवक्ता की हत्या में फंस गया है। टीना को विश्वास में लेने के लिए आरोपित ने वाट्सएप पर परिचय पत्र भी भेजा। टीना ने पुलिस को बताया कि इस बातचीत के दौरान फोन पर किसी को पीटने और चीखने की आवाज भी आ रही थी। इससे वह घबरा गई।

आरोपित ने कहा कि आठ लाख रुपये उसके बैंक खाते में भेजने पर उनके भाई को छोड़ दिया जाएगा। टीना ने आनन-फानन आरोपित के बताए अलग-अलग बैंक खातों में 50 हजार रुपये भेज दिए। इसी बीच उन्होंने उदयपुर में रह रहे पिता से फोन पर संपर्क किया तो मालूम चला कि भाई घर पर सकुशल है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि पीड़िता के पिता ने तत्काल उदयपुर में पुलिस को घटना की जानकारी दी। उदयपुर पुलिस ने यहां की पुलिस से संपर्क किया।

घटना की जानकारी मिलते ही साइबर सेल सक्रिय हो गई और जिन बैंकों के खातों में धनराशि भेजी गई थी, उनसे संपर्क कर ट्रांजेक्शन रुकवा दिया। इस तरह पीड़िता को ठगी गई रकम वापस मिल गई। अब उसने लिखित शिकायत की है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## प्रदेश के नगर निकाय चुनाव फंसे, अब प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद आएगा ओबीसी आरक्षण पर फैसला

**देहरादून, एजेंसी।** सरकार सदन में नगर पालिका और नगर निगमों के एक्ट में संशोधन का एक्ट लेकर आई थी। इस एक्ट के पारित होने के दौरान विधायकों के विरोध के चलते इन्हें प्रवर समिति को भेज दिया गया है। उत्तराखंड के 99 नगर निकायों के चुनाव फंस गए हैं। विधानसभा में निकायों से संबंधित विधेयक पारित होने के बजाए प्रवर समिति को चला गया है। प्रवर समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही अब चुनाव की यह गाड़ी आगे बढ़ पाएगी। दरअसल, निकायों में एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की संस्तुति के हिसाब से ओबीसी आरक्षण लागू किया जाना है। इसके लिए सरकार सदन में नगर पालिका और नगर निगमों के एक्ट में संशोधन का एक्ट लेकर आई थी। इस एक्ट के पारित होने के दौरान विधायकों के विरोध के चलते इन्हें प्रवर समिति को भेज दिया गया है। प्रवर समिति एक माह में अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके बाद दोबारा विशेष सत्र में विधेयक पास होंगे। विधेयक पास होने के बाद चुनाव होने तक की प्रक्रिया में भी एक से डेढ़ माह समय की जरूरत होगी।

## मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर बंद, यात्री फंसे



**गोपेश्वर, एजेंसी।** वर्षा से जगह-जगह मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे शनिवार सुबह अवरुद्ध हो गया। हाईवे खोलने के लिए एनएच व बीआरओ की टीम सुबह से जुटी है। बदरीनाथ हाईवे चमोली व नन्दप्रयाग के बीच तीन स्थानों पर मार्ग अवरूद्ध है। चोपता मोटर मार्ग पर दीवार गिरने के कारण बड़े वाहनों के लिए रास्ता अवरुद्ध है। शुक्रवार को भी हाईवे बाधित था। सुबह साढ़े दस बजे तक हाईवे से मलबा हटाकर यातायात के लिए पूरी तरह सुचारु किया गया। वहीं, नंदप्रयाग के पास हाईवे अवरुद्ध होने के चलते बदरीनाथ धाम जाने व धाम से आने वाले 700 से अधिक तीर्थयात्रियों को चमोली, पीपलकोटी, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग व गौचर सहित अन्य स्थानों पर रोका गया। प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को बिस्किट व पेयजल सामग्री उपलब्ध कराई गई। नंदप्रयाग में हाईवे अवरुद्ध होने के चलते छोटे वाहनों की आवाजाही कौठियालसैंण नंदप्रयाग मोटर मार्ग से कराई गई। सोनला के पास भारी मात्रा में मलबा व बोल्डर आने के चलते कई वाहन मलबा व बोल्डर की चपेट आने से क्षतिग्रस्त भी हुए। वहीं, कर्णप्रयाग में वर्षा व मलबा आने से शुक्रवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग तीन घंटे अवरुद्ध रहा। राजमार्ग अवरूद्ध रहने से दोनों ओर दर्जनों वाहन फंस गए। सुबह नौ बजे जेसीबी से मलबे को हटाकर एनएच की टीम ने वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। थाना प्रभारी कर्णप्रयाग डीएस रावत ने बताया सुबह पांच बजे कमेड़ा में राजमार्ग पर मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हुआ। कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग पर पहाड़ी से आए मलबे से शुक्रवार को भी वाहनों का आवागमन ठप रहा। दूसरी ओर नगर क्षेत्र कर्णप्रयाग में बहुगुणानगर और मंडी परिषद परिसर भूधसाव की जद में है। गुरुवार को परिक्षेत्र से गुजरने वाले बदरीनाथ राजमार्ग की दीवार का बीस मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया था। जिससे राजमार्ग पर दरारें आ गई है। बहुगुणानगर में भूधसाव होने से निकट के भवनस्वामियों के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भी पत्र सौंपा है।

## ब्रह्मलीन पायलट बाबा की उत्तराधिकारी बनीं जापान की शिष्या कैवल्या, संतो के सानिध्य में की गई घोषणा

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामण्डलेश्वर ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा के उत्तराधिकारी की घोषणा संतो के सानिध्य में कर दी गई है।ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर पायलट बाबा की जापान निवासी शिष्या योगमाता साध्वी कैवल्या देवी (केको आईकोवा) को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। साथ ही उन्हें पायलट बाबा आश्रम ट्रस्ट का अध्यक्ष भी बनाया गया है। दरअसल, पंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोमनाथ गिरि उर्फ पायलट बाबा को बीते बृहस्पतिवार को उनके कनखल आश्रम में भूसमाधि दे दी गई। इसके बाद बाबा के उत्तराधिकारी की बीते शुक्रवार को घोषणा कर दी गई है। पायलट बाबा की जापान की रहने वाली शिष्या योगमाता साध्वी कैवल्या देवी(केको आईकोवा) को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। जबकि उनकी दो अन्य शिष्याओं महामंडलेश्वर साध्वी चेतनानंद गिरि तथा साध्वी श्रद्धा गिरि को महामंत्री बनाया गया है। बता दें कि हरिद्वार के कनखल स्थित पायलट बाबा आश्रम में बीते शुक्रवार को इसकी घोषणा जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरि महाराज ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में पायलट बाबा आश्रम ट्रस्ट, श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से संबंधित संत श्रीमहंत, महंत और महामंडलेश्वर उपस्थित थे।



## सीएम धामी ने सदन में हुई सकारात्मक चर्चा को राज्य हित में बताया, कहा- विपक्ष के साथी जल्दबाजी न करते तो और लंबा चलता सत्र

**भराड़ीसैंण, एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा मानसून सत्र की समाप्ति के बाद, शुक्रवार शाम पत्रकारों से वार्ता करते हुए सदन में हुई सकारात्मक चर्चा को राज्य हित में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के साथी जल्दबाजी नहीं करते तो सदन और लंबा चलता। धामी ने कहा कि सदन में कई विधेयकों के साथ अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई तथा उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। अनुपूरक बजट, सामान्य बजट की पूर्ति के लिए लाया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में वित्तीय अनुशासन के साथ राजस्व बढ़ाने तथा खर्चों को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए राजस्व प्राप्ति के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। ऋण लेने की प्रक्रिया में भी कमी लाई गई है। उन्होंने कहा कि विकास की दिशा में राज्य का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में राज्य द्वारा प्रथम स्थान पर रहना इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास केन्द्र पोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का है। राज्यांश कम होने वाली योजनाओं का लाभ प्रदेश वासियों को मिलें इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा राज्य के गेस्ट हाऊसों का बेहतर ढंग से संचालन कर इन्हें आय के संशाधनो से जोड़ने में मददगार बनाया जा रहा हैं। राज्य की भावी पीढ़ी को बेहतर वित्तीय स्थिति का लाभ मिले इसके लिए हम प्रयासरत है।

धामी ने कहा कि राज्य में युवाओं, खिलाडियों एवं छात्रों के व्यापक हित में अनेक प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध कर उनकी आर्थिकी मजबूत करने के साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए योजनायें बनाई गई है।

## बेटे से क्रूज परिचालन के लिए निविदा की बोली वापस लेने के लिए कहूंगा: मंत्री सतपाल महाराज



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि वह अपने बेटे से टिहरी झील पर क्रूज बोट परिचालन के निविदा की बोली वापस लेने को कहेंगे। इस मुद्दे पर विवाद होने के बाद मंत्री ने यह बात कही है। मंत्री के बेटे सुयश रावत उन छह आवेदकों में शामिल हैं, जिन्हें टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण (टीएडीए) द्वारा विचार के लिए चुना गया था। यह प्राधिकरण झील पर क्रूज बोट चलाने के लिए निविदाएं आवंटित करता है। टीएडीए पर्यटन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है। पात्र आवेदकों का साक्षात्कार 28 अगस्त को निर्धारित किया गया था। हालांकि, विवाद के बाद, मंत्री ने शुक्रवार को गैरसैंण में संवाददाताओं से कहा कि वह अपने बेटे से अपना आवेदन वापस लेने के लिए कहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आवेदन पर विचार करने में पूरी पारदर्शिता बरती गई।

वहीं सतपाल महाराज ने संवाददाताओं से कहा, ''उत्तराखंड में निवेशकों के शिखर सम्मेलन से प्रेरित होकर, मेरे छोटे बेटे ने राज्य में निवेश करने का फैसला किया। उसने संभावनाओं का पता लगाया और टिहरी झील में एक छोटी क्रूज बोट चलाने के वास्ते निविदा के लिए आवेदन किया। 25 आवेदनों में से छह को टीएडीए द्वारा विचार के लिए योग्य पाया गया। मेरे बेटे का आवेदन उनमें से एक था। आवेदन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती गई।

मंत्री ने कहा, ''फिर भी, जैसा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हैं, जो राजनीतिक जीवन में ईमानदारी के लिए कमल की तरह पवित्र रहने की बात करते हैं, मैं अपने बेटे से कहूंगा कि वह अपना आवेदन वापस ले ले।

## कंपनी के स्टोर में तार काट रहे दो युवक दबोचे

**खटीमा, एजेंसी।** एक कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड आवास विकास निवासी आकाश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि कंपनी के स्टोर में सरकारी वायर और मोटर रखी हुई हैं। स्टोर से कुछ लोगों की आवाज आ रही थी। उसने कंपनी के साइड इंजीनियर को इसकी सूचना दी। दोनों स्टोर के पास गए तो देखा कि दो व्यक्ति स्टोर के अंदर घुसकर सरकारी मोटर की तार को काट कर कट्टे में रख रहे थे। तभी एक व्यक्ति पास की दीवार कूदकर भागने लगा जिसे उन्होंने पकड़ लिया। शोर शराबा होने पर वहां पर कंपनी में काम करने वाले अन्य लोग भी आ गए। सभी ने मिलकर इन दोनों को पकड़ लिया।

## अल्ट्रासाउंड के लिए भूखे पेट 60 किमी की दूरी नापती हैं महिलाएं

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर में मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड की कोई सुविधा नहीं है। मरीज और गर्भवती को अल्ट्रासाउंड के लिए करीब 60 से 70 किमी दूर कोटद्वार और ऋषिकेश के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बदहाल सड़कों पर आवाजाही करने से करने से गर्भवती को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं विभाग का कहना है कि जनसंख्या की दृष्टि से अस्पताल अल्ट्रासाउंड सुविधा के लिए मानक पूरे नहीं कर रहा है।

केंद्र और प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन धरातल पर मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भधारण से लेकर प्रसव तक गर्भवती महिलाओं को निशुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है। यमकेश्वर ब्लॉक के करीब 83 ग्राम पंचायत स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर पर निर्भर है। केंद्र में रोजाना 10 से 15 गर्भवती स्वास्थ्य जांच के लिए आती हैं। केंद्र में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं को कोटद्वार और ऋषिकेश का रुख करना पड़ रहा है। अन्य रोगों के मरीजों को भी अल्ट्रासाउंड जांच के लिए ऋषिकेश और कोटद्वार में प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं।

## पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी का विरोध, मुस्लिम समुदाय ने किया जमकर किया प्रदर्शन

**देहरादून, एजेंसी।** संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र में रामगिरि महाराज नामक व्यक्ति ने खुदा के रसूल पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे मुस्लिम समाज में आक्रोश है। नबी की शान में गुस्ताखी कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुस्लिम सेवा संगठन की अगुवाई में रविवार को परेड ग्राउंड मैदान में पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अशोभनीय बयानबाजी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।



संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र में रामगिरि महाराज नामक व्यक्ति ने खुदा के रसूल पर अभद्र टिप्पणी की है। जिससे मुस्लिम समाज में आक्रोश है। नबी की शान में गुस्ताखी कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुस्लिम अपनी जान दे देंगे लेकिन नबी का अपमान बर्दाश्त नही करेंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के विरोध के बावजूद महाराष्ट्र सरकार ने अभी तक हरिगिरि महाराज पर कोई कार्रवाई नही की है। इससे पता चलता है कि सरकार ऐसे लोगों को परोक्ष रूप से मदद कर रही है। मुस्लिम समाज आंदोलन को ओर तेज करेगा। खुदा के रसूल पर गलत बयानबाजी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। कहा,सरकार शराब का कारोबार कर युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है। राजस्व बढ़ाने के लिए जगह-जगह शराब की दुकानें खोली जा रही है। मुस्लिम समाज को इससे सतर्क रहने की जरूरत है।

## ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर के हाथ-पांव फूले



**गोपेश्वर, एजेंसी।** संसाधनों की कमी के चलते चमोली जिला अस्पताल में शनिवार को महिला मरीज की जान पर बन आई। रसोली के ऑपरेशन के लिए भर्ती महिला के पेट में चीरा लगाने के बाद ऑपरेशन रोक दिया गया। रसोली में खून का ज्यादा संचार देख ऑपरेशन कर रहे डॉक्टर और स्टाफ के हाथ-पांव फूल गए। उन्होंने ऑपरेशन जारी रखने की स्थिति में मरीज की जान को खतरे की आशंका जताई। इसके बाद हेली सेवा से मरीज को 250 किमी दूर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। मरीज के स्वजन ने इलाज के समुचित प्रबंध न होने का आरोप लगाकर अस्पताल परिसर में हंगामा भी किया। चमोली जिले के जोशीमठ ब्लाक के पोखनी गांव की 41 वर्षीय प्रमिला देवी पेट में दर्द की शिकायत के कारण एक महीने से जिला अस्पताल में इलाज करा रही थीं। सर्जन डा. नीरज पिमोली ने बच्चेदानी में रसोली होने की जानकारी देकर ऑपरेशन की सलाह दी थी। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद हीमोग्लोबीन कम होने के चलते उन्हें 10 यूनिट रक्त भी चढ़ाया गया। तीन दिन पहले ऑपरेशन के लिए उन्हें दोबारा भर्ती करा दिया गया। शनिवार की सुबह ऑपरेशन थियेटर में पेट में चीरा लगाने के बाद चिकित्सक ने मरीज की जान को खतरा बताकर ऑपरेशन करने से इन्कार कर दिया। इस पर मरीज के स्वजन भड़क गए। श्रीनगर मेडिकल कालेज या एम्स ऋषिकेश रेफर करने की सलाह पर उन्होंने हंगामा कर दिया। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जिलाधिकारी से वार्ता कर एम्स तक हेली रेस्क्यू की व्यवस्था की। हंगामा बढ़ने पर सीएमएस के आदेशों पर हेली रेस्क्यू के जरिये ऑपरेशन कराने वाले सर्जन को भी मरीज के साथ एम्स भेजा गया। सर्जन नीरज पिमोली ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान रसोली में खून का ज्यादा संचार पाया गया था, जबकि खून की कमी के चलते मरीज का एक महीने से इलाज चल रहा था। ऐसे में ऑपरेशन रोकना मरीज हित में था। मरीज को ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराने के बाद चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अब स्थिति सामान्य है। वह वार्ड में भर्ती हैं। इधर, पोखनी के प्रधान संदीप भंडारी ने बताया कि एम्स के चिकित्सकों ने कहा कि पहले वे जांच करेंगे फिर ये बताएंगे कि आगे किस प्रकार का इलाज किया जाना है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 26 अगस्त, 2024



# एकीकृत पेंशन योजना लाना केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला : जायसवाल

## यूपीएस से देश के 25 लाख सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के स्वीकृति दिए जाने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस निर्णय को ऐतिहासिक फैसला बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को बधाई भी दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के कल्याण के बारे में सोचते हैं। यूपीएस कर्मचारियों को बहुत बड़ी सौगात मिली है। केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसले से आने वाले समय में बड़े परिणाम सामने आएंगे, इस बड़े फैसले से कर्मचारियों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री सभी वर्गों के लिए एक अभिभावक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में इस योजना से 25 लाख कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के परिश्रम का उचित मुआवजा और उचित दाम देने का काम किया गया है। इसके लिए हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। बिहार सरकार में मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि जीवन भर सरकारी काम करने वाले कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय पेंशन देना सरकार का बेहतरीन फैसला है। इस योजना से हर वर्ग का कर्मचारी खुश है।

उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पेंशन की राशि रिटायरमेंट के पहले के 12 महीने के औसत बेसिक पे की 50 प्रतिशत होगी एवं न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा करने वाले सभी कर्मचारी पेंशन के लिए पात्र होंगे। इसके लिए कर्मचारियों को अलग से अंशदान भी नहीं करना होगा। 10 साल से अधिक सेवा देने वाले सभी कर्मचारियों को न्यूनतम 10 हजार रुपये की पेंशन मिलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस योजना में सरकार ने अपना अंशदान बढ़ाकर ज्यादा लाभकारी बनाया है।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम से 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ : सम्राट

- यूपीएस में नई पेंशन स्कीम की तर्ज पर ही 10 प्रतिशत योगदान देना होगा
- अगर सेवा काल 10 से 25 वर्षों का है तो पेंशन की राशि समानुपातिक आवंटन के आधार पर होगी तय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार के 23 लाख कर्मचारियों के लिए सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने का फैसला किया है, जो स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा है कि यह मौजूदा एनपीएस के साथ ही लागू रहेगा। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को 25 साल काम करने पर पूरी पेंशन मिलेगी। श्री चौधरी ने कहा कि यूपीएस का फॉर्मूला यह है कि अगर कोई कर्मचारी ने 25 वर्षों की सेवा दी है तो उसके अंतिम कार्य-वर्ष के 12 महीनों के औसत मूल वेतन की 50 प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। अगर सेवा काल 10 से 25 वर्षों का है तो पेंशन की राशि समानुपातिक आवंटन के आधार पर तय होगी। यूपीएस में सुनिश्चित पेंशन, परिवार को पेंशन, सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन, पेंशन की राशि की महंगाई दर के साथ जोड़ने और सेवानिवृत्ति के समय ग्रेच्युटी के अलावा भी एक सुनिश्चित राशि के भुगतान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि एक तरह से यह पुरानी पेंशन स्कीम की तरह ही होगी, लेकिन अंतर सिर्फ इतना होगा कि ओपीएस में जहां कर्मचारियों को योगदान नहीं देना होता था, यूपीएस में नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) की तर्ज पर ही 10 प्रतिशत योगदान देना होगा। श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार का आकलन है कि अभी कार्यरत 99 प्रतिशत से ज्यादा केंद्रीय कर्मियों के लिए एनपीएस से ज्यादा यूपीएस आर्थिक तौर पर फायदेमंद होगा। एनपीएस वर्ष 2004 से लागू है और तब से अभी तक जितने सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, उनको यूपीएस के तहत पेंशन सुविधा लेने का विकल्प मिलेगा। अगर कर्मचारी ऐसा करते हैं तो उन्हें जो अतिरिक्त राशि व उसका ब्याज बनेगा, उसका भुगतान केंद्र से होगा।

## मुलाकात



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर उनसे औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान मेरे साथ हम सेक्यूलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन मौजूद रहें। केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया के एक्स पर मुलाकात की फोटो पोस्ट किया।

# राजद कोटे के मंत्री काम में फिसड्डी रहे और बयान देने में अव्वल : विप्लव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कहा कि शिक्षा और रोजगार पर झूठ श्रेय चाहने वाले युवराज की पोल खुल चुकी है। जैसे वो अपने पांच मंत्रालयों में एक भी भर्ती नहीं कर पाए, वैसे ही उनके चेले शिक्षा विभाग में एक भी क्लासरूम नहीं बना सके। ऐसे अनेकों मुद्दे हैं जो राजद का विकास के प्रति नकारात्मक रवैए को प्रमाणित करता है। यह वही पार्टी है जो सत्ता में रहकर विकास कार्यों के लिए आवंटित फंड खर्च नहीं कर पाती लेकिन व्यक्तिगत फंड जमा करने के लिए सीधे ट्रेजरी लूट लेती है। जयराम विप्लव ने कहा कि चंद्रशेखर यादव भी राबड़ी देवी की तरह फंड के उपयोग में नाकाम रहे हैं। उन्होंने बताया कि जंगलराज के दिनों में केंद्र का पैसा हर साल लौट जाता था, खासकर राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री रहते कई बार योजनाओं का फंड खर्च नहीं हो पाया था। वही विरासत तेजस्वी यादव ने भी आगे बढ़ाई है। तेजस्वी की पसंदीदा शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव ने 2023-24 में केंद्र से मिले फंड के बावजूद अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण नहीं कराया, जिससे शिक्षा का इंफ्रास्ट्रक्चर ठप सा हो गया। चंद्रशेखर यादव की निष्क्रियता के कारण 2023-24 में 1,017 स्वीकृत कक्षाओं में से एक भी कक्षा का निर्माण नहीं हुआ। कक्षा 9 और 10 के लिए 2,152 स्वीकृत कक्षाओं में से केवल 567 कक्षाएं बनीं, जबकि कक्षा 1 से 8 के लिए 7,568 स्वीकृत कक्षाओं में से मात्र 2,568 कक्षाएं बनीं। जयराम विप्लव ने कहा कि यह मंत्री की शिक्षा के प्रति उदासीनता और फंड के प्रबंधन में अक्षमता का स्पष्ट उदाहरण है। तेजस्वी यादव का शिक्षा मंत्री हिंदुओं के विरुद्ध घृणा फैलाने और हिंदू ग्रंथों तथा देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणियां करने में व्यस्त रहा, जबकि अपने समय का बड़ा हिस्सा ट्रांसफर-पोस्टिंग के भ्रष्टाचार में और विभागीय अधिकारियों से अहंकार की लड़ाई में बर्बाद करता रहा।

# झूठा ढिंढोरा पीटने से तेजस्वी को सत्ता नसीब नहीं होगा : उमेश

## बोलें-नेता प्रतिपक्ष को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार जदयू के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर लालू परिवार को निशाने पर लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन का असली गुनाहगार लालू एंड फैमिली है। लालू परिवार ने अपनी तिजोरी भरने के लिए बिहार के सरकारी खजाने को खाली करने का काम किया, जिसका खामियाजा प्रदेश की 14 करोड़ जनता आज भी भुगत रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में हुए अनेकों घोटाले और लाचार व्यवस्था की वजह से बिहार विकास की दौड़ में देश के बाकी अन्य राज्यों से पीछे छूट गया। श्री कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार का अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाने से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उनके माता-पिता ने फर्जी समाजवाद का मुखौटा लगाकर देश में भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित किया। देश में दूसरा कोई ऐसा राजनीतिक परिवार नहीं है जिसके आधा दर्जन सदस्यों पर घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के कई मुकदमे दर्ज हो। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की तरक्की इन्हें रास नहीं आ रही है। यह जगजाहिर है कि राजद की सोच हमेशा से बिहार को पीछे धकेलने की रही है। प्रदेश की जनता ने 15 वर्ष तक जंगलराज के दंश को झेल चुकी है।

# राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह हो चुका है ध्वस्त : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। बिहार सरकार अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। जिसके कारण पूरे बिहार में हत्या, लूट,बलात्कार, अपहरण और रंगदारी की घटनाएं चरम पर है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि दिनदहाड़े अपराधी अपराध कर रहे है। लोग भय के साये में जीने पर मजबूर है। घर में लोग सुरक्षित नहीं है। अपराधी घर में घुस कर लोगों को गोली मारकर हत्या और लूटपाट कर रहा है। अपराधियों में शासन और प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। इसलिए अपराधी बेखौफ होकर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बिहार में अपराधियों का राज कायम है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी जब राज्य सरकार को आईना दिखाने का काम करते हैं तो सत्तापक्ष के लोग तिलमिला उठते हैं। तिलमिलाहट में तेजस्वी और राजद के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करने लगते हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों के अंदर राज्य के विभिन्न जिलों में सैकड़ों आपराधिक घटनाएं घटी है। बिहार की जनता भगवान भरोसे है।

# स्व चौधरी नरसिंह पटेल का निधन से समाजिक जगत को अपूरणीय क्षति : श्रवण



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निदेशानुसार उत्तरप्रदेश के जिला संत कबीरनगर के मनियरा के सत्या रिजार्ट में लोकप्रिय राजनेता स्व चौधरी नरसिंह पटेल अज्ञानी के श्रद्धांजलि सभा सह शोकसभा में शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। शोकसभा को संबोधित कर जनता दल यूनाइटेड उत्तरप्रदेश के संगठन प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव स्व चौधरी नरसिंह अज्ञानी के निधन से समाजिक जगत को एवं मेरे व्यक्तिगत जीवन को क्षति हुई है। वे हमेशा समाज की बात कर किया करते थे तथा विकास को चिंतित रहा करते थे। वे जीवन भर समाज के प्रति संघर्षरत रहें और हमेशा दूसरों की चिंता करते रहे। वे अपने पीछे पत्नी कुसुम पटेल दो पुत्र अजय कुमार विजय कुमार पुत्री पुनम और सुमन कुमारी अपने पीछे छोड़ गयें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश जदयू नेता सुशील सिंह पटेल ओमप्रकाश वर्मा रजनीश पटेल शैलेंद्र सिंह गंगवार अभिषेक राय दिवाकर सिंह जितेंद्र सिंह प्रशांत पटेल भैया हरिशंकर पटेल जयप्रकाश पटेल संतोष पटेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामाजिक उत्थान में बी पी मंडल का बड़ा योगदान रहा : जगदानन्द

## राजद कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री की मनी जयंती, दी गई श्रद्धांजलि




पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष स्व बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल की जयन्ती पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर स्व मंडल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर जगदानन्द सिंह ने कहा कि देश में जब भी सामाजिक परिवर्तन की बात होगी स्व मंडल का नाम गर्व से लिया जायेगा। देश और समाज उन्हें वंचितों का सच्चे हितैषी के रूप में हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर स्वर्गीय वी पी मंडल के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, बिनु यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह, डॉ कुमार राहुल सिंह, प्रमोद कुमार राम, भाई अरुण कुमार, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार मेहता, मो एनामुल हक, सलमान अख्तर,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनवर आलम, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्व वीपी मंडल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रदेश प्रवक्ता के पिता के निधन पर राजद में शोक

पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद कुमार पिता दिनेश प्रसाद सिंहा के निधन पर लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव ने गहरी शोक संवेदना प्रकट कर कहा कि दुख की घड़ी में राजद परिवार उनके साथ खड़ा है । सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचंद्र राम, प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव से रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, एमएलसी कारी मो शोऐब, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादवसहित अन्य नेताओ ने उनके निधन पर शोक जताया है।

# भाजपा कार्यालय में पार्टी नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



- प्रधानमंत्री ने स्पेस तकनीक के जरिए कीजय जवान-जय किसान की बात: सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात को रविवार को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह बिहार सरकार में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत तमाम नेता और कार्यकताओं ने बैठकर सुना। भाजपा कार्यालय में मन की बात के 113 वें एपिसोड को सुनने वालों में उप मुख्यमंत्री चौधरी के अलावा मंत्री मंगल पांडेय, सांसद भीम सिंह, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, सुरेश रुंगटा, कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र राय, मनोज कुमार सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी, नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मन की बात सुनने के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में स्पेस सेक्टर में भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए स्पेस तकनीक में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों से भी रूबरू होते हुए जय जवान-जय किसान की बात कही। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा वन्य जीवों और इंसानी रिश्तों की भी चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने पशुओं के प्रति लोगों के प्रेम की अरुणाचल प्रदेश के एक गांव में किए जा रहे डी प्रिंटिंग की भी बात साझा की।

# बाढ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य चलाए सरकार : राजद

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने राज्य सरकार से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेजी से चलाये जाने की मांग की है। इस संबंध में नेतृत्व के निदेशानुसार, प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत के कार्यों में तेजी लाने तथा बेहतर ढंग से राहत कार्य चलाए जाने के लिए स्थानीय शासन और प्रशासन के द्वारा राहत कार्य चलाये जाने की दिशा में संबंधित पदाधिकारी से जानकारी भी प्राप्त कर रहे है। इस संबंध में जिला स्तर पर राहत कार्य चलाने में राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा पार्टी संगठन के स्तर दिए गए सूची के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की दिशा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लघु कृषक तथा मजदूरों को राशन उपलब्ध कराये जाने, जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था किए जाने, बरसात से बचने के लिए तिरपाल तथा सेड का निर्माण कराये जाने, स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए तथा लोगों को सांप कट्टी से बचाव के लिए दवा उपलब्ध कराने जाने की मांग की है।इस संबंध में प्रदेश के महासचिव मदन शर्मा लगातार लोगों से संगठन के स्तर से वार्ता कर रिपोर्ट प्राप्त कर रहे हैं।

# दादीजी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव प्रारम्भ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

श्याम मंडल द्वारा दादीजी मंदिर में 31 घण्टे की अखण्ड ज्योति जलाकर तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव प्रारम्भ किया गया। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संयोजक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम मंडल पटना का 55 वाँ वार्षिकोत्सव जन्माष्टमी रविवार संध्या से प्रारम्भ हुआ जिसमे इस वर्ष श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार कोलकाता से आये मशहूर कलाकार द्वारा किया गया है। भव्य दरवार के सजावट की छटा पूरे हॉल में फैल है। पूरा हॉल सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों से खचाखच भरा हुआ था। मौके पर, भिवानी से पधारे हर्ष तनेजा, जयपुर से अमित नामा, समस्तीपुर से धर्मेन्द्र सिंह एवं श्याम मंडल पटना से प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने अपने भजन सुनाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर सचिव ध्रुव मोरारका ने बताया कि कल जन्माष्टमी के अवसर पर दिन के तीन बजे से राधा - कृष्ण नृत्य, भजन एवं मटकी का कार्यक्रम होगा जो देर रात तक चलेगा तथा रात्रि बारह बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव होगा। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, रितेश तुलसियान, मनोज अग्रवाल, ललन लाठ, शंकर शर्मा, ऋषि शर्मा मुख्य रूप से लगे रहे।

# बिहार निषाद संघ के मुख्य संरक्षक शशिभूषण के निधन पर शोक सभा



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार निषाद संघ के पूर्व महामंत्री,वर्तमान में संघ के मुख्य संरक्षक और निषाद जागरण पत्रिका के मुख्य सम्पादक रहे शशिभूषण कुमार का लम्बी बीमारी के बाद बीते 14 अगस्त को हुए निधन पर मछुआ टोली अखाड़ा परिसर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष ई हरेन्द्र प्रसाद निषाद की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर स्व. शशिभूषण कुमार की दोनों पुत्री, दामाद ऋषिकेश कश्यप, बिन्द विकास सामाजिक सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार बिन्द मौजूद थे। शोक सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे हमेशा संघ आगे कैसे बढ़े और निषाद समाज का हित और उत्थान कैसे हो सोचते थे और कार्य करते थे। संघ के कार्यकारी प्रधान महासचिव धीरेन्द्र निषाद ने कहा इनके आकस्मिक निधन से पूरे निषाद समाज और अति पिछड़ा वर्ग को अपूरणीय क्षति हुई है। संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर सहनी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मीना कुमारी निषाद, बिन्द बेलदार सामाजिक सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार बिन्द, प्रो मिथिलेश कुमार, निषाद संघ के महासचिव मनोज कुमार एवं सुरेश प्रसाद सहनी ने स्व. कुमार की जीवनी पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने कहा कि संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष स्व. कुमार की पत्नि कृष्णा देवी भी निषाद महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में जागरूकता लाने हेतु प्रयासरत हैं। मौके पर हरिहर सिंह, जयमंगल चौधरी,डॉ विनय कुमार, शिव शंकर निषाद, अनिल कुमार निषाद, नरेश केवट,विनय कुमार, शिवरतन निषाद, राजेश सहनी, संजय कुमार सहनी,नन्द किशोर सहनी,लवली सिंह, देशज जलज,वर्जना सिंह, श्याम बाबू सिह ,सुरेश कुमार, राजेश कुमार सहित कई लोगों ने शोक सभा में भाग लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मण्डल की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# वक्ता बोलें-आरक्षण को बचाने के लिए सदन से सड़क तक बनाना होगा मोर्चा




- आरक्षण की लड़ाई जीतने के लिए शिक्षित व जागरूक होने की जरूरत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जातिवार जनगणना, सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति में आरक्षण एवं बिहार में विस्तारित आरक्षण को संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर सेवा- इंडिया के तत्वावधान में जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान पटना में बी पी मण्डल की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रो शिवजतन ठाकुर ने कहा कि देश में आरक्षण की सबसे बड़ी दुश्मन भाजपा है और भाजपा की सहयोगी पार्टियाँ भी आरक्षण का दुश्मन बन गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि आरक्षण की लड़ाई आप तब तक नहीं जीत पाएंगे जब तक शिक्षित नहीं हो सकेंगे। राज्यसभा के पूर्व सदस्य अली अनवर अंसारी ने कहा कि भारत का इतिहास मंडल के पहले और बाद जिस तरह की बहुजन चेतना से जाग्रत हुआ है वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि अगर मंडलवादी राजनीति शक्तियां एकजुट रहतीं तो देश को आज यह फासीवादी दौर नहीं देखना पड़ता। कांग्रेस नेता चंदन यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय और आरक्षण को मनुवादी ताकतें न कल पसंद करती थीं न उन्हें आज पसंद है। उ लोकसभा के सदस्य सुदामा प्रसाद ने कहा कि आरक्षण को बचाने के लिए न्यायपालिका एवं सदन की लड़ाई के साथ-साथ सड़क पर भी मोर्चा बनाना पड़ेगा। शशि प्रभा ने अपने वक्तव्य में श्रोताओं से अपील किया कि आप मानसिक गुलामी से मुक्त होकर अंधविश्वास और पाखण्ड का त्याग कीजिए। सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, सेवा के राष्ट्रीय संगठन प्रमुख डॉ वी सी यादव, सेवा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ पी एन सिंह, सेवा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुसुम पटेल, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अरविंद गुप्ता, सेवा बिहार के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनुज कुशवाहा, सेवा बिहार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं बहुजन बुद्धिजीवियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ बिनोद पाल ने कहा कि आरक्षण को बचाने के लिए सभी पिछड़े वर्गों को एकजुट होना होगा। खंडित होकर अपने लक्ष्य को नहीं हासिल कर सकते। पिछड़े वर्गों को तोड़ने की साजिश को हमे नाकाम करना होग।

## पुस्तक नेपथ्य के नायक खंड-2 का लोकार्पण

इस मौके पर सेवा इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक नेपथ्य के नायक खंड-2 एवं सामाजिक न्याय का घोषणा पत्र का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की फोटो पर माल्यार्पण कर तथा भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ करके किया गया। प्रस्तावना का पठन संगठन सचिव कमलेश कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ. दिनेश पाल ने बीपीमंडल के संघर्षपूर्ण जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की उनकी अनुशंसाओं ने पिछड़ा वर्ग समाज को एक नया आयाम मिला। नेपथ्य के नायक खंड-2 पुस्तक की चर्चा करते अरुण नारायण ने कहा कि यह साजिशन नेपथ्य में रखे गये नायकों को सामने रखने का उपक्रम है और यह लगातार जारी रहेगा। रामनरेश यादव ने सामाजिक न्याय का घोषणापत्र नामक पुस्तिका के प्रकाशन के उद्देश्यों पर बात करते हुए कहा कि पुस्तिका ओबीसी के सामाजिक न्याय की लड़ाई को धार देने में मददगार साबित होगी। ओबीसी की एकजुटता जरूरी है। हमारी एकजुटता ही बिहार में बढ़े हुए पिछड़े वर्गों का आरक्षण की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम का संचालन सेवा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सेवा संगठन की उपादेयता पर बात की।

**ये रहें मौजूद :**

अनुज कुशवाहा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया।धन्यवाद ज्ञापन ई प्रवीण यादव ने किया। इस मौके पर उपर्युक्त वक्ताओं के अलावे रविकांत निराला, विद्यार्थी विकास, अरविंद गुप्ता, डॉ. बिनोद पाल, संतलाल कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, अब्दुल मनान, नीता यादव, धर्मवीर चौधरी, अनुराग यादव, अशोक यादव, राजनारायण आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

# श्री चित्रगुप्त आदि मन्दिर में हुआ संगत पंगत का आयोजन

## पूर्व सांसद डॉ.आरके सिन्हा के साझेपन की उड़ान में शामिल हुए सैकड़ों चित्रांश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश के प्राचीन एवं दुर्लभ मन्दिरों में से एक पटना सिटी के श्री चित्रगुप्त आदि मन्दिर प्रांगण में स्थित सभागार में मन्दिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ आर के सिन्हा द्वारा संचालित संगत पंगत की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटना सहित बिहार के कई जिलों से आये संगत पंगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। संगत पंगत का संयोजन अरविंद सिन्हा ने किया। मंच पर मन्दिर प्रबन्ध समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव, संगत, संजय सिन्हा, नवीन सिन्हा , डा सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, डा प्रोफेसर युवराज देव प्रसाद ,मंदिर समिति के प्रधान महासचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा आदि मौजूद थे। संगत पंगत की शुरूआत सर्वप्रथम श्री चित्रगुप्त आरती एवं वन्दना से हुई। भगवान श्री चित्रगुप्त की आरती के साथ ही उनकी वन्दना में सैकड़ो कायस्थ परिवार के सदस्य शामिल हुए। आरती एवं वन्दना कार्यक्रम में काफी संख्या में संगत पंगत से जुड़ी महिलाएं भी शामिल हुई। भगवान श्री चित्रगुप्त की आरती एवं वन्दना के बाद राष्ट्रीय संयोजिका रत्ना सिन्हा जी के पति के निधन पर एक मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु सभी ने प्रार्थना की। पटना सहित राज्य के कोने कोने से आये प्रमुख कायस्थ प्रतिनिधियों ने संगत पंगत के कार्यों पर प्रकाश डाला। संगत पंगत के संयोजक अरविंद सिन्हा ने कहा कि डॉ. आरके सिन्हा का यह अभियान आने वाले दिनों में कायस्थ समाज की प्रगति, विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण का आधार बनेगा और आने वाले दिनों में संगत पंगत चित्रांश परिवार की एकता और सामाजिक उत्थान की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। मन्दिर प्रबन्ध समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगत पंगत के कुछ उद्देश्य हैं और यह उद्देश्य कायस्थ समाज को एक नई दिशा देने में लगा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन की प्रस्तुति रवि सिन्हा और उर्वशी सिन्हा द्वारा दी गई।

पटना सीटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर संगत पंगत की तरफ से संजय सिन्हा को सम्मानित किया गया। सौरभ एवं संजय कुमार कार्यकारणी सदस्य चुने जाने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया और नवीन कुमार सिन्हा वरीय अधिवक्ता को संघ के संरक्षक बनाए जाने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से रंजन वर्मा, अंजनी, अमिताभ ,विजय कुमार सिंह , शशि शेखर , धीरज श्रीवास्तव, आनंद , सोनू जी से उपस्थित थे।



# शादी की चर्चाओं के बीच शोभिता धुलिपाला ने की नकली लेबल पर बात

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने 8 अगस्त, 2024 को अभिनेता नागा चैतन्य के साथ सगाई की। इसके बाद से ही एक वर्ग जहां शोभिता को शुभकामनाएं देते नहीं थक रहा है तो वहीं, दूसरा वर्ग उनकी आलोचना करता नजर आया है। इसी कड़ी में अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाले पोस्ट से हर किसी को हैरान कर दिया है। शोभिता ने हाल ही में इंस्टाग्राम हैंडल पर गायब और नकली लेबल के बारे में एक पोस्ट साझा की। शोभिता धुलिपाला ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट साझा किया। इसमें उन्होंने लिखा, मेरे पसंदीदा लोग विरोधाभासी तरीके से चल रहे हैं। बॉडीबिल्डर जो दौड़ते हैं। धावक जो लिखते हैं। लेखक जो स्टार्टअप बनाते हैं। वे नकली लेबलों को अपने काम में बाधा नहीं बनने देते।

शोभिता ने अपने नोट में आगे लिखा, वे वास्तविक, दुर्लभ और अथक हैं। समाज उन्हें इसमें फिट होने के लिए कहेगा। सामान्य रहें एक चीज चुनें, लेकिन वे जानते हैं कि फिट होना वास्तव में कभी कोई विकल्प नहीं था। क्योंकि टेट्रिस की तरह, यदि आप इसमें फिट होते हैं, तो आप गायब हो जाएंगे। इस धरती पर हमारा समय सीमित है। सब कुछ बनो। कुछ भी न हो। तुम रहो।

शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य की सगाई के बाद से हर किसी की निगाहें इनकी शादी पर टिकी हुई हैं। इसी बीच मीडिया रिपोर्ट की मानें तो शोभिता और नागा डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकते हैं और रिसेप्शन हैदराबाद में होगा। हालांकि, जोड़े की शादी के बारे में सारी जानकारी गुप्त है और आधिकारिक घोषणा का अभी भी इंतजार है। इस महीने की शुरुआत में जोड़े की सगाई के बाद नागार्जुन ने स्पष्ट किया कि शादी तुरंत नहीं होगी क्योंकि दोनों अपने करियर में व्यस्त हैं।

काम के मोर्चे पर, नागा चैतन्य चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित अपनी फिल्म थंडेल के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म 2010 में श्रीकाकुमा में हुई वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित है और फिल्म में साई पल्लवी मुख्य भूमिका में हैं।



# मोटी फीस वसूल करती हैं ये अभिनेत्रियां

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई अभिनेता बेहद मोटी फीस चार्ज करते हैं। हालांकि, वक्त के साथ अब अभिनेत्रियां भी फिल्मों के लिए बड़ी रकम वसूल करने लगी हैं। आज हम आपको मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर उन शीर्ष पांच अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फिल्मों में काम करने के लिए निर्माताओं से सबसे ज्यादा फीस लेती हैं।

## दीपिका पादुकोण

इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण पहले नंबर पर हैं। ओम शांति ओम से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने अब तक कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। लोगों को उनकी अदाकारी खूब पसंद आती है। दीपिका किसी भी फिल्म में काम करने के लिए तगड़ी फीस लेती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वह प्रति फिल्म 15-30 करोड़ रुपये के बीच चार्ज करती हैं।

## कंगना रणौत



सूची में दूसरे नंबर पर कंगना रणौत हैं। हाल ही में लोकसभा का चुनाव जीतकर कंगना सांसद बनी हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो वह एक फिल्म के लिए 15 से 27 करोड़ रुपये के बीच फीस लेती हैं। कंगना जल्द ही इमरजेंसी नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया है।

## प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड में सफलता का परचम लहराने के बाद प्रियंका चोपड़ा अब हॉलीवुड में धमाल मचा रही हैं। अब तक वह कई विदेशी प्रोजेक्ट में अपनी अदाकारी का जादू बिखेरती हुई नजर आ चुकी हैं। फीस लेने के मामले में भी वह किसी से पीछे नहीं हैं। रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक वह प्रति फिल्म 15- 25 करोड़ रुपये के बीच पारिश्रमिक लेती हैं।

## कैटरीना कैफ



कैटरीना कैफ भी इस सूची में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। अपनी खूबसूरती से लाखों दिलों पर राज करने वाली कैटरीना भी अभिनय के लिए निर्माताओं से मोटी फीस लेती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एक फिल्म के लिए 15 से 25 करोड़ रुपये के बीच फीस लेती हैं।

## आलिया भट्ट



आलिया भट्ट बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह जल्द ही जिगरा और लव एंड वॉर नाम की फिल्म में नजर आने वाली हैं। आलिया भट्ट कथित तौर पर निर्माताओं से 10 से 20 करोड़ रुपये के बीच की रकम बतौर फीस मांगती हैं।



# बढ़ती उम्र का टीवी स्टार आशा नेगी को नहीं मलाल

मशहूर टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी ने अपने जन्मदिन पर बेबाक राय जाहिर की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्र के इस सफर से बेइंतहा प्यार हो गया है। आशा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहाड़ों पर जन्मदिन सेलिब्रेट करने की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, मुझे पता है कि उम्रदराज होना डरावना हो सकता है, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो इस बढ़ती हुई उम्र के दौरान मैं खुद को प्यार करने लगी हूं। खुद से मुझे कोई गिला शिकवा नहीं रहा... मुझे जीवन को लेकर स्पष्टता मिली है और समझदारी भी! ये मेरी कल्पना से ज्यादा खूबसूरत है।

इसके बाद इस ग्लैमरस अभिनेत्री ने अपने जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए अपने फॉलोअर्स को शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा, आप सभी का जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। आप सब ने मुझे बहुत प्यार और दुलार दिया है, मेरे इस खास दिन पर मुझे बहुत खास महसूस करवाया। अपने जन्मदिन के जश्न पर उन्होंने कहा, मैंने सबसे करीबी और खास लोगों के साथ जन्मदिन वैसे ही मनाया, जैसे मैं मनाना चाहती थी। मुझे नहीं लगता कि इससे भी बेहतर कुछ हो सकता था। मैं अपने इस खास दिन के कुछ पल आपसे शेयर करना चाहती हूं, उम्मीद है कि जल्द ही करूंगी! शायद इसी को ब्लिस बोलते हैं गाइज! अभिनेत्री के इस जन्मदिन पर, उनके कभी प्रेमी रहे ऋत्विक धनजानी ने भी शुभकामनाएं दीं। धनजानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में इस खूबसूरत अभिनेत्री की एक ग्लैमरस तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, बप्पा तुझे जीवन की हर खुशी दे दें... जीवन सिर्फ और सिर्फ खुशियों से भरा रहे। जन्मदिन की शुभकामनाएं। दिवंगत बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत-स्टारर शो पवित्र रिश्ता के सेट पर ऋत्विक और आशा की पहली मुलाकात हुई थी। दोनों ने एक दूसरे को कई सालों तक डेट करने के बाद 2020 में कोविड महामारी के दौरान ब्रेक-अप की घोषणा कर दी थी। फिलहाल, ऋत्विक के बारे में क्रिस्टल डिसूजा को डेट करने की अफवाह है। दोनों को अक्सर छुट्टियां मनाते या मुंबई में सार्वजनिक जगहों पर साथ साथ देखा जाता है।




# कुणाल खेमू ने अपने 'गैंग' के साथ लद्दाख में की बाइक राइडिंग

**हिंदी सिनेमा के अभिनेता और फिल्म निर्माता कुणाल खेमू, जिन्होंने मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था, इन दिनों ब्रेक पर हैं और हिमालय में अपने दोस्तों के साथ बाइक पर रोड ट्रिप का आनंद ले रहे हैं। कुणाल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उनको लद्दाख में अपने दोस्तों के साथ बाइक पर सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। इस ग्रुप ने लेह जिले में खारदुंग ला पर्वत दर्रे का दौरा किया। पोस्ट को कैप्शन देते हुए कुणाल ने लिखा, राइडर्स इंक।**

सीमा सड़क संगठन द्वारा संचालित यह सड़क दुनिया की सबसे ऊंची सड़कों में से एक है। वीडियो में कुणाल को 17,982 फीट की ऊंचाई पर खारदुंगला दर्रे पर हवा में लहराते भारतीय झंडे के साथ पोज देते हुए देख सकते हैं। एक अन्य फोटो में कुणाल को आरामदायक अलाव का आनंद लेते हुए, अपने दोस्तों के साथ मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। बाइकिंग के लिए कुणाल का जुनून साफ है क्योंकि वह अक्सर अपने साथियों के साथ रोमांचक राइड पर निकल पड़ते हैं। उनका ये बाइक ट्रिप अपने आस-पास की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने और अपने दोस्तों के समूह के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के बारे में भी है। कुणाल, अक्सर यात्रा के लिए अपने जुनून के बारे में बात करते हैं, साफ तौर पर अपने दोस्तों के समूह के साथ बहुत अच्छा समय बिता रहे हैं। अभिनेता ने एक वर्ष में तीन अंतरराष्ट्रीय स्थलों की यात्रा करने का व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित किया है।

उनका लद्दाख एडवेंचर इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे वह अपने जुनून के साथ जीते हैं, दूसरों को अपना बैग पैक करने और दुनिया की खोज करने के लिए उत्साहित करते हैं। अगर उनके काम की बात करें तो कुणाल खेमू जल्द ही प्राइम वीडियो की आगामी वेब सीरीज 'गुलकंदा टेल्स' में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन 'द फैमिली मैन' फेम राज और डीके करेंगे। इस सीरीज में वह पंकज त्रिपाठी और पत्रलेखा के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# शरवरी वाघ को कश्मीर में अल्फा की शूटिंग का बेसब्री से इंतजार



मुंज्या फेम अभिनेत्री शरवरी वाघ अल्फा में अहम किरदार अदा करती नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग कश्मीर के कुछ लोकेशन्स पर होगी। एक्ट्रेस शरवरी इसे लेकर खासा उत्साहित हैं। अभिनेत्री शरवरी वाघ ने कहा, वह कश्मीर के खूबसूरत इलाकों में शूटिंग करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और आलिया भट्ट अभिनीत आगामी फिल्म 'अल्फा' के लिए यह एक रोमांचक शेड्यूल होगा। बताया जा रहा है कि अल्फा टीम अपने दूसरे शेड्यूल के लिए कश्मीर जा रही है और फिल्म की शूटिंग 26 अगस्त से कश्मीर घाटी में शुरू होगी। शरवरी ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बताया, मैं अल्फा के सेट पर जाने के लिए बेताब हूं और कश्मीर में होने वाली वाली शूटिंग का इंतजार कर रही हूं। मैं यही बात सोचकर रोमांचित हूं कि यह शेड्यूल बहुत एक्साइटेड होने वाला है। अल्फा टीम कुछ समय बाद मिलेगी, इसलिए हम सब कश्मीर के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने फिल्म के सेट को लेकर अपनी उत्सुकता का भी इजहार किया। कहा, मैं अल्फा के सेट पर बेहद ऊर्जावान रहती हूं। मैं इस दौरान हर चीज को सीखने और बेहतर बनाने की कोशिश करती हूं। अपने करियर में इतनी जल्दी इस तरह का अवसर हासिल करना वास्तव में मेरे लिए एक आशीर्वाद है। मुझे इस फैंचाइजी का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है।




# शेर सिंह राणा की बायोपिक से जुड़े रणदीप हुड्डा

अफगानिस्तान से पृथ्वीराज चौहान की अस्थियां लाने वाले और फूलन देवी की हत्या के आरोपी शेर सिंह राणा की बायोपिक पर अब फायनली रणदीप हुड्डा ऑन बोर्ड आए हैं। उनसे जुड़े सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, इस फिल्म को बरसों से बनाने की तैयारियां चल रहीं हैं। छह साल पहले इसे अजय देवगन को पिच किया गया था। फिर दो साल पहले विद्युत जामवाल और विनोद भानुशाली ने इसे बनाने की आधिकारिक घोषणा की। अब ट्रेड के हवाले से खबरें आ रहीं कि इस प्रोजेक्ट पर अब रणदीप हुड्डा आ गए हैं। ट्रेड सूत्रों ने बताया, 'शेर सिंह राणा की जीवनी में काफी सिनेमाई मसाले हैं। उन्होंने तिहाड़ जेल तोड़ा था। फेक पासपोर्ट पर अफगानिस्तान गए। वहां से पृथ्वीराज चौहान की अस्थियां भी लाए। फूलन देवी की हत्या का आरोप भी उन पर रहा। ऐसे में उनकी जीवनी पर कई सितारों ने फिल्म बनाने में दिलचस्पी दिखाई। लेकिन शेर सिंह राणा के राइट्स को लेकर कानूनी पेंच लगातार बने रहे। जिसकी वजह से अजय देवगन और विद्युत जामवाल के साथ फिल्म नहीं बन पाई। हालांकि, अब राइट्स के मसले सुलझा लिए गए हैं।

ट्रेड सूत्रों के मुताबिक, ' शेर सिंह राणा के दोस्त विशाल त्यागी राइट्स के सभी स्टेकहोल्डर्स को एक साथ प्लेटफॉर्म पर ले आए हैं। वह खुद भी इसे प्रोड्युस करेंगे। रणदीप हुड्डा भी बतौर प्रोड्युसर इस फिल्म से जुड़ रहे हैं। बहुत जल्द स्टूडियो पार्टनर के साथ इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस फिल्म पर एक्टर्स और प्रोड्युसर्स बदलते रहें हैं। हालांकि डायरेक्टर में ज्यादा बदलाव नहीं हुए। ट्रेड जानकारों के मुताबिक, 'अजय देवगन के समय इस फिल्म को मेघना गुलजार डायरेक्ट करने वाली थीं। वहीं, विद्युत जामवाल को लेकर इस फिल्म को 'टॉयलेट-एक प्रेम कथा' के डायरेक्टर श्री नारायण सिंह डायरेक्ट करने वाले थे। अब रणदीप हुड्डा के फायनली बोर्ड पर आने के बाद भी श्रीनारायण सिंह ही फिल्म को डायरेक्ट करेंगे। ट्रेड जानकारों के मुताबिक, 'शेर सिंह राणा के दोस्त विशाल त्यागी ने फिल्म के राइट्स को कई लोगों से लेकर एक जगह इकट्ठा किया। जिसमें उनके ढाई करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। अजय देवगन के करीबी और उनके प्रोडक्शन को हेड करने वाले कुमार मंगत पाठक के साथ विवाद बना रहा। ऐसे में अजय देवगन के साथ फिल्म नहीं बनी। आलम यह रहा कि विशाल त्यागी ने शैतान की शूट के समय भी अजय देवगन से मुलाकात की, मगर दोनों इस प्रोजेक्ट के लिए साथ नहीं आ सके। अब मगर विशाल त्यागी रणदीप हुड्डा के साथ इस फिल्म को अनाउंस कर रहें हैं। वह लंदन और स्कॉटलैंड में इन दिनों 'सन ऑफ सरदार 2' की शूट में बिजी हैं। इधर विशाल त्यागी की ओर से कहा गया कि बहुत जल्द रणदीप हुड्डा के साथ फिल्म की अनाउंसमेंट की जाएगी।

# इन्वेस्टिगेटिव हॉरर थ्रिलर अद्भुत में जासूस की भूमिका में नवाज



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'अद्भुत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साबिर खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक इन्वेस्टिगेटिव हॉरर थ्रिलर है। इसमें नवाज एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म न तो सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और न ही ह्रअ्रअ प्लेटफॉर्म पर। यह सीधे टीवी पर प्रसारित होगी। फिल्म सोनी मैक्स चैनल पर 15 सितंबर को रात 8 बजे रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत 'रोहन' और 'श्रेया' के किरदारों से होती है, जो जंगल के बीच सुनसान जगह पर आलीशान घर में छुट्टियां मना रहे होते हैं। वहां 'श्रेया' के साथ अजीबोगरीब घटनाएं होने लगती हैं। तब जांच के लिए पुलिस की जगह डिटेक्टिव नवाज को बुलाया जाता है। इस दौरान डायना की एंट्री होती है और सारा सस्पेंस उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमता है। जांच में कुछ पत्ते खुलते हैं और पुराने राज सामने आते हैं। बता दें नवाजुद्दीन इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धूम मचाते नजर आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही उनकी फिल्म रौतू का राज जी5 पर रिलीज हुई थी, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। नवाज को काफी प्रतिभाशाली अभिनेता माना जाता है। वे अब तक कई दमदार भूमिकाएं निभा चुके हैं। खास बात ये है कि उन्हें बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार खान तिकड़ी सलमान, शाहरुख और आमिर खान के साथ भी काम करने का मौका मिल चुका है।




### 265 तक जाएगा इस बैंक का शेयर!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एसबीआई म्यूचुअल फंड को करूर वैश्य बैंक में 9.99 प्रतिशत तक अधिग्रहण करने की अनुमति मिल गई है। यह मंजूरी केंद्रीय रिजर्व बैंक ने दी है। इस बीच, शेयर बाजार में लिस्टेड करूर वैश्य बैंक के शेयर का परफॉर्मेंस सुस्त है। हालांकि, शेयर को लेकर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं।

### झुनझुनवाला के निवेश वाली कंपनी का रहा है आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेखा राकेश झुनझुनवाला के निवेश वाली कंपनी बाजार स्टाइल रिटेल (स्टाइल बाजार) का आईपीओ आ रहा है। कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ के लिए ड्राफ्ट दाखिल किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐश्वर्या खरे ने बताई अपनी फेवरेट पेट स्टोरीज़

**भोपाल।** हर साल 26 अगस्त को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल डॉग डे, इंसानों और उनके पालतू डॉग्स के बीच के खास रिश्ते को समर्पित एक विशेष दिन है। यह दिन हमारी ज़िंदगी में कुत्तों की महत्वपूर्ण भूमिका की पहचान करता है, जो वे हमारे वफादार दोस्त, हमारे हमदर्द और हमारे सच्चे साथी के रूप में निभाते हैं। ज़ी टीवी के शो भाग्य लक्ष्मी में भोपाल की ऐश्वर्या खरे,ने अपने प्यारे पालतू डॉग्स द्वारा उनकी ज़िंदगी में लाई गई खुशियां और निस्वार्थ प्यार के बारे में बताया। उन्होंने इन प्यारे जानवरों को सेलिब्रेट करने और उनकी देखभाल करने की जरूरत पर भी चर्चा की, जो हमारी सलामती और खुशी में एक बड़ा योगदान देते हैं। ज़ी टीवी के शो भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का रोल निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''मुझे बचपन से ही डॉग्स से बहुत लगाव रहा है, लेकिन मेरी मां ने मुझे कभी कुत्ते पालने की इजाज़त नहीं दी। लेकिन हाल ही में मैंने एक खूबसूरत शिह ज़ू, बर्फी को पाल लिया है। जब हम उसे मुंबई में अपने घर लाए, तो मैं एक डॉग पेरेंट बनने के लिए बहुत उत्साहित थी। ईमानदारी से कहूं तो, मेरा मानना है कि यह एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है।

### सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी वॉच में इरेगुलर हार्ट रिदम नोटीफिकेशन का फीचर पेश किया




**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमरइलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सीवॉच के लिए सैमसंगहेल्थमॉनिटरऐप पर इरेगुलरहार्टरिदमनोटीफिकेशन फीचर पेश करने की घोषणा की है । ऐपके मौजूदा ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम मॉनिटरिंगफीचर्स के साथ, यह नया फीचरएट्रियलफ़िब्रिलेशन का संकेत देने वाली हार्टरिदमका पता लगाने में मदद करता है। इससे गैलेक्सीवॉचपहनने वालों को उनके हृदय की सेहत के बारे में ज्यादा बेहतर जानकारी मिलती है। सैमसंगहेल्थमॉनिटरऐप में एक्टिव होने के बाद, फीचरगैलेक्सीवॉच के बायोएक्टिव सेंसर का इस्तेमाल करके बैकग्राउंड में अनियमित हृदय गति (इरेगुलरहार्टरिदम) की लगातार जांच करता है। अगर लगातार माप की एक निश्चित संख्या अनियमित पाई जाती है, तो गैलेक्सीवॉच अपने यूजर्स को संभावित एफिब एक्टिविटी की चेतावनी देता है और यूजर को अधिक सटीक माप के लिए अपनी घड़ी का इस्तेमाल करके ईसीजीलेने की सलाह देता है। मौजूदा रक्तचाप और हृदय गति की निगरानी के साथ, यह नया फीचरयूजर्स को उनके हृदय के स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा गहन जानकारी प्रदान करता है। हृदय संबंधी रोग दुनिया भर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। एफिब उस स्थिति को कहते हैं जिसमें हार्टरिदम अनियमित हो जाती है। इसको आमतौर पर हृदय संबंधी समस्याओं के एक चेतावनी संकेत के रूप में लिया जाता है। एफिब की स्थिति में स्ट्रोक, हार्टफेलियर और अन्य जटिलताओं का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा, एफिब के कई मामलों में कोई लक्षण नहीं दिखते या यहां तक कि ये लक्षण एकदम साइलेंट होते हैं ।

# जब सुधा मूर्ति ने अंधे पुजारी को ऑफर किए 20000 रुपये तो उन्होंने दे दिया तगड़ा ज्ञान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह लेखिका और राज्यसभा सदस्य भी हैं। कई बार उनकी बातें लोगों के दिल में उतर जाने वाली होती हैं। सुधा मूर्ति को सामाजिक कामों के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कई बार सार्वजनिक मंचों से ऐसी बातें कही हैं जो लोगों को प्रेरणा देती हैं। इसमें कई किस्से उनकी जिंदगी से जुड़े होते हैं। हाल ही में उन्होंने एक घटना के बारे में बताया है। यह घटना उनकी तमिलनाडु यात्रा के दौरान की है। इस यात्रा के दौरान वह एक अंधे पुजारी से मिलीं। उन्होंने उस पुजारी को मदद के बदले 20 हजार रुपये देने की पेशकश की। उस पुजारी ने वह रकम नहीं ली और सुधा मूर्ति को नसीहत दे डाली।

दरअसल, एक बार सुधा मूर्ति तमिलनाडु में थीं। रास्ते में उनकी कार खराब हो गई। ड्राइवर ने कहा कि पास में एक मंदिर है। वहां रुक जाते हैं। ड्राइवर ने कहा कि मंदिर में अंधा पुजारी अपनी पत्नी के साथ रहता है। शुरू में सुधा मूर्ति की



इच्छा नहीं हुई, लेकिन बाद में वह तैयार हो गईं। जब वे दोनों मंदिर पहुंचे तो पुजारी और उनकी पत्नी ने दोनों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपना स्वागत और देखभाल से खुश होकर सुधा मूर्ति ने उन्हें कुछ मदद देने का फैसला लिया।

### आरती में दिए 100 रुपये

जब वे मंदिर पहुंचीं तो पुजारी ने आरती की। इस पर उन्होंने 100 रुपये दिए। यह रकम देखकर पुजारी को आश्चर्य हुआ और हिचकिचाहट भी हुई। पुजारी ने कहा कि यह रकम बहुत ज्यादा है। लेकिन सुधा मूर्ति उनकी मदद और करना चाहती थीं। उन्होंने पुजारी का नाम और दूसरी जानकारियां मांगी। वह उन्हें 20 हजार रुपये उनके बुढ़ापे के सहारे के तौर पर देना चाहती थीं। लेकिन पुजारी ने उस रकम को लेने से मना कर दिया। पुजारी ने जो बात कही, वह काफी प्रेरणादायक थी। पुजारी ने कहा, मैं नहीं जानता कि तुम कौन हो, लेकिन मैं तुम्हें कुछ बताना चाहता हूं। जीवन में यह गलती कभी मत करना।

### पुजारी ने दिया यह ज्ञान

पुजारी की यह बात सुनकर सुधा मूर्ति हैरान हो गईं। उन्होंने पूछा कि तुम ऐसा क्यों कह रहे हो इस पर पुजारी ने कहा, अगर तुम मुझे ये पैसे दोगी तो ये मेरे लिए बोझ बन जाएंगे। गांव वाले अब हमारी देखभाल करते हैं, लेकिन जैसे ही उन्हें पता चलेगा कि मेरे पास बैंक या डाकघर में 20 हजार रुपये हैं तो वे मेरी मौत की कामना करने लगेंगे, ताकि वे पैसे पा सकें। वे अब हमारी मदद नहीं करेंगे। भगवान ने हमें जो दिया है, वह काफी है। याद रखो, जीवन में तुम्हें एक सीमा खींचनी सीखनी चाहिए। यह सीमा होनी चाहिए- बस बहुत हो गया। इस सीमा को केवल तुम ही तय कर सकते हो।

### बस बहुत हो गया में शांति

पुजारी की बात सुनकर सुधा मूर्ति काफी प्रभावित हुईं। पुजारी के सरल लेकिन गहन संदेश ने धैर्य के महत्व और अधिकता के खतरों पर प्रकाश डाला। पुजारी अपने अंधेपन और बुढ़ापे के बावजूद आत्मा से समृद्ध थे। वह समझते थे कि असली धन पैसे में नहीं बल्कि यह जानने की शांति में निहित है कि बस बहुत हो गया।

### सुकन्या समृद्धि के निवेशकों के लिए बड़ी खबर, सरकार ने बदले नियम, सर्कुलर जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** छोटी बचत योजनाओं में निवेश करत हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग ने एक सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर के मुताबिक 6 नए नियम जारी किए गए हैं। ये नियम राष्ट्रीय बचत योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि यानी पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि अकाउंट से जुड़े निवेशकों के लिए हैं। आइए सुकन्या समृद्धि अकाउंट के नए नियम के बारे में जान लेते हैं। ) दादा-दादी (जो कानूनी अभिभावक के अलावा अन्य हैं) की संरक्षकता के तहत खोले गए अकाउंट्स के मामले में, संरक्षकता लागू कानून के तहत हकदार व्यक्ति, यानी प्राकृतिक अभिभावक (जीवित माता-पिता) या कानूनी अभिभावक को ट्रांसफर की जाएगी।

## क्यूसीओ से घटिया वस्तुओं का आयात कम करने में मिलेगी मदद, एमएसएमई पर ये बोले केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से गुणवत्ता को नियंत्रित करने से जुड़े आदेश एमएसएमई को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए हैं। इससे उन्हें घटिया सामानों के आयात में कटौती करने में मदद मिलेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन आदेशों के जरिए सरकार छोटे और मंझोले उद्योगों की मदद कर रते हैं। उन्होंने कहा, हम एमएसएमई को क्यूसीडी की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता को नियंत्रित करने से जुड़े आदेशों से छोटे व मंझोले उद्योगों को फायदा मिलेगा। ये आदेश उन्हें देश के बाहर से गलत कीमत पर कम गुणवत्ता वाली वस्तुओं के आयात से रोकते हैं। इस तरह ये आदेश एमएसएमई सेक्टर को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने साथ में यह भी कहा कि एमएसएमई को केवल एक छोटे उद्यम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

गोयल ने कहा कि बड़े उद्योगों और व्यवसायों के आसपास के पूरे इकोसिस्टम में हजारों एमएसएमई काम कर रहे हैं। उनके बिना ये बड़े उद्योग सफल नहीं हो सकते।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एमएसएमई बड़े उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्तिकर्ता और ग्राहक भूमिका में कार्य करते हैं। एमएसएमई देश के पर्यटन और आधारभूत संरचना क्षेत्र के विकास में भी अहम भूमिका में हैं। देश के निर्यात में भी उनका बड़ा हिस्सा है। उन्होंने कहा आज कई एसएमई ने अपने व्यवसायों को बीएसई पर पंजीकृत कराया है।

क्यूसीओ जरिए सरकार ऐसे वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण पर पाबंदी लगाती है, जिनके पास भारतीय मानक ब्यूरो मार्क ना हो। ये आदेश स्मार्ट मीटर, नट, बोल्ट और फास्टनर के लिए जारी किए गए हैं। क्यूसीओ को जारी करने का मकसद कम गुणवत्तापूर्ण वाले उत्पादों के आयात में कटौती करना है, ताकि ग्राहकों और पर्यावरण का कल्याण व सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## पॉल जॉन सिंगल माल्ट व्हिस्की की विदेशों में भी जमेगी धाक

### यूएस समेत 50 से अधिक देशों में पहले से ही है पहुंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पिरिट बनाने वाली भारतीय कंपनी जॉन डिस्टिलरीज लिमिटेड कुछ नए वैश्विक ठिकाने तालाश रही है। जी हां, कंपनी अपने पॉल जॉन सिंगल माल्ट व्हिस्की के लिए निर्यात बढ़ा रही है। कंपनी इस समय अमेरिका, फ्रांस, संयुक्त अरब अमिरात और जापान समेत दुनिया के 50 देशों में पॉल जॉन सिंगल माल्ट व्हिस्की का निर्यात करती है।

हमारे सहयोगी ईटी की एक खबर के मुताबिक जॉन डिस्टिलरी लिमिटेड अपने गोवा प्लांट में सिंगल माल्ट डिस्टिलरी की क्षमता विस्तार कर रही है। इसके लए कंपनी ने वहां काफी निवेश भी किया है। कंपनी की योजना इस साल अक्टूबर से व्हिस्की के नए वेरिएंट लॉन्च करने की है। इससे देशी और विदेशी बाजारों में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी।

जेडीएल के चेयरमैन पॉल पी जॉन का कहना है हमने अपनी गोवा डिस्टिलरी की क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 1.3 मिलियन लीटर से 3 मिलियन




लीटर सालाना कर दिया है। हमने इस विस्तार में लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो वैश्विक और घरेलू बाजारों में पीजेएसएम व्हिस्की की बढ़ती मांग को पूरा करने में हमारी मदद करेगा। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी 50 से अधिक देशों में निर्यात करती है। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, 2023-24 में, जेडीएल ने अमेरिका, फ्रांस, यूएई और जापान जैसे 50 से अधिक देशों को पीजेएसएम व्हिस्की के लगभग 30,000 केस निर्यात किए। घरेलू बाजार में, स्पिरिट निर्माता ने लगभग 72,000 पीजेएसएम व्हिस्की केस बेचे। इसके इस समय 12 जगह डिस्टिलरी हैं जिनमें हर साल 24 मिलियन केस का उत्पादन होता है। कंपनी प्रीमियम रम और वोदका को भी रोल आउट करने की योजना बना रही है।

इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में अल्कोहलिक बीवरेज की बिक्री अगले दस वर्षों में 7 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद है। वर्ष 2023 में, भारत में एल्को-बेव बाजार का आकार करीब 55 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है जो कि साल 2021 में 52.4 बिलियन डॉलर का था। उल्लेखनीय है कि शराब पीने की कानूनी उम्र कम होने, मध्यम वर्ग की आबादी में प्रवेश करने वाले उपभोक्ताओं का एक बड़ा उभरता हुआ नया समूह और व्हिस्की की लोकप्रियता से विकास को बढ़ावा मिल रहा है। प्रीमियमाइजेशन भी सभी स्पिरिट कैटेगरीज में विकास को और आगे बढ़ा रहा है।

भारत के अलग अलग राज्यों में शराब पीने और खरीदने की उम्र एक समान नहीं है। पहाड़ी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघायल आदि में शराब पीने की न्यूनतम उम्र 18 साल है। इन राज्यों के अलावा राजस्थान, गोवा, पुड्डूचेरी में भी शराब पीने और खरीदने की कानूनी उम्र 18 साल है। वहीं पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लेह-लद्दाख, उत्तराखंड में 21 साल के व्यक्ति शराब पी सकते हैं। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में यह उम्र 25 साल है। बिहार में अल्होकहलिक बीवरेज पीना मना है।

## वैल्यू इन्वेस्टिंग के लिए महत्वपूर्ण निवेशकों के भरोसे के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी फंड ने 20 साल पूरे किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में सबसे बड़ा वैल्यू फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी फंड, क्लोजिंग एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) द्वारा, सफलतापूर्वक 20 साल पूरे कर चुका है। इस स्कीम का क्लोजिंग एयूएम 48,805.97 करोड़ है, जो वैल्यू कैटेगरी में कुल एयूएम का लगभग 25.9 प्रतिशत है। फंड में निवेश का लगातार बने रहना स्कीम में वैल्यू निवेशकों के महत्वपूर्ण निवेशक विश्वास को दर्शाता है। 31 जुलाई, 2024 तक के आंकड़े। (स्त्रोत- वैल्यू रिसर्च) यह स्कीम आकर्षक वैल्यूएशन वाले स्टॉक के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करके वैल्यू इन्वेस्टमेंट स्टाइल का पालन करती है, लेकिन अपने आंतरिक मूल्यों से कम पर कारोबार कर रही है। स्थापना के समय (16 अगस्त, 2004) 10 लाख का एकमुश्त निवेश, 31 जुलाई, 2024 तक, लगभग 4.56 करोड़ होगा, यानी 21.09 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ ये ग्रोथ आई है। निफ्टी 50 में इसी तरह का निवेश 16.2 प्रतिशत की सीएजीआर यानी लगभग 2 करोड़ का होगा।

## टीएमसी ने वित्त मंत्री को चिट्ठी लिखी, स्वास्थ्य-जीवन बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी दर को निरस्त करने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी नेता) डेरेक ओब्रायन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आगामी जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी की तत्काल समीक्षा करने की अपील की। उन्होंने इसे वापस लेने का भी आग्रह किया। टीएमसी नेता ने सीतारमण को एक चिट्ठी लिखी, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को वापस लेने की मांग की। डेरेक ओब्रायन ने कहा, स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी मध्यम वर्ग के 45 करोड़ भारतीयों पर बोझ है। ये बीमा योजनाएं संकट के समय वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर उच्च जीएसटी दर लगाने से कई लोग बीमा योजनाओं का विकल्प नहीं चुन पाएंगे।

## ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड ने स्टोन इंडस्ट्री में क्रांति लाने, बाजार में उपस्थिति बढ़ाने और वित्तीय उपलब्धियां हासिल करने के लिए रणनीतिक विकास की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में नेचरल स्टोन्स के अग्रणी प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड रणनीतिक विकास की एक श्रृंखला की घोषणा की, जो इसकी परिचालन क्षमताओं को फिर से परिभाषित करने, इसकी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने और इसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है। ये पहल नवाचार, विकास और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाती हैं।

Oriental Trimex Limited

### 1. वायर-आधारित गैंगसॉ मशीन के साथ स्टोन प्रोसेसिंग में क्रांतिकारी छलांग

ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड अत्याधुनिक वायर-आधारित गैंगसॉ मशीन के आयात और स्थापना के साथ स्टोन इंडस्ट्री में क्रांति लाने के लिए तैयार है, जिसे आमतौर पर स्लैब कटिंग के लिए केबल मशीन कहा जाता है। चीन में चांग्शा बेटो न्यू मटेरियल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड से ली गई यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी भारत में अपनी तरह की पहली टेक्नोलॉजी होगी और इसे चेन्नई के पास गुम्मिडिपोंडी में ओटीएल के प्लांट में स्थापित किया जाएगा।

कई ब्लेडों का उपयोग करने वाले पारंपरिक गैंगसॉ के विपरीत, यह उन्नत मशीन 0.4-0.6 मिमी के व्यास के साथ डायमंड-कोटेड केबलों की एक श्रृंखला का उपयोग करती है, जो सटीक कटौती को सक्षम करती है और सटीकता और दक्षता के लिए एक नया मानक स्थापित करती है। न्यूमेटिक वायर टेन्शनिंग, हाइड्रोलिक सिलेंडर सपोर्ट और बेलो-प्रोटेक्टेड लिनियर रेल्स जैसी सुविधाओं के साथ, वायर-आधारित गैंगसॉ कचरे को काफी कम करता है, स्थायित्व बढ़ाता है, और पारंपरिक मशीनों की तुलना में काटने की प्रक्रिया को लगभग तीन गुना तेज कर देता है।

दिसंबर 2024 तक चालू होने की उम्मीद वाला यह रणनीतिक निवेश, परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने वाली नवीन टेक्नोलॉजीयों को अपनाने के लिए ओटीएल के समर्पण का एक प्रमाण है। इससे कंपनी अपने ग्राहकों को, अद्वितीय गुणवत्ता प्रदान कर सकेगी, विशेष रूप से उच्च-स्तरीय रेसिडेन्शियल और कमर्शियल कंस्ट्रक्शन सेगमेन्ट में।

### 2. ग्रेटर नोएडा में 21,000 वर्ग मीटर शोरूम के साथ विस्तार

बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड साइट-4, ग्रेटर नोएडा में बिल्डिंग मटिरियल मार्केट में 21,000 वर्ग फुट के विशाल शोरूम के आगामी लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित है। रणनीतिक रूप से गौतमबुद्ध नगर जिले के केंद्र में स्थित, यह शोरूम-कम-गोडाउन सभी फ्लोरिंग समाधानों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनने के लिए तैयार है।

आगामी जेवर हवाई अड्डे और ग्रेटर नोएडा में परिकल्पित एयरोसिटी को देखते हुए, इस शोरूम का स्थान विशेष रूप से रणनीतिक है। इन विकासों से क्षेत्र में तेजी से विकास होने की उम्मीद है और ओटीएल क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने राइट इश्यू के माध्यम से धन जुटाने के बाद दिल्ली में एक नए शोरूम के साथ अपने पदचिह्न का विस्तार करने की भी योजना बनाई है, जिससे बाजार में उसकी स्थिति और मजबूत होगी।

## द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) द्वारा डिज़ाइन एप्रिसिएशन नाइट का आयोजन

**भोपाल ।** द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) भोपाल सेंटर ने होटल मैरियट में एक भव्य आयोजन किया, जिसमें दो प्रमुख कार्यक्रम डिज़ाइन यात्रा का शुभारंभ और प्रतिष्ठित डिज़ाइन एप्रिसिएशन नाइट 2024 शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेशभर के आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइन पेशेवर और वास्तुकला से जुड़े अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

आईआईए भोपाल सेंटर के चेयरमैन अक्षय सेलुकर ने बताया कि डिज़ाइन यात्रा एक नई पहल है, जिसमें देश के विभिन्न आर्किटेक्ट्स ने अपने अद्वितीय डिज़ाइन प्रस्तुत किए। इन डिज़ाइनों को आगे आर्किटेक्चर कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि छात्र और अन्य लोग इन पर अध्ययन कर सकें और अपनी रचनात्मकता को और अधिक निखार सकें। इस यात्रा में आईआईए अवार्ड्स की



शॉर्टलिस्टेड प्रविष्टियों को भी प्रदर्शित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्किटेक्चर की उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और समाज में क्रिएटिविटी और नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

डिज़ाइन एप्रिसिएशन नाइट 2024 में कई वास्तुकारों को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आर्किटेक्ट नारायण पाठे को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाज़ा गया। इसके अलावा, विभिन्न श्रेणियों में आर्किटेक्ट दिव्या सिंघल, गौरव उपाध्याय, कुलवीर सिंह, मायूरी सक्सेना, मोनिका चौहान, अपूर्व गुप्ता, दीपक कुमार, सौरभ सोनी, जया जैन, दीपा अग्रवाल, उत्कर्ष जैन, कमल रूप सिंह, दीपक झा, नवनीत पांडे, रोहित गिरी, अक्षत जैन, आयुषी ताम्रकार, एस.एम. हुसैन, अनुजा श्रीवास्तव, आशुतोष नेमा, हेमांगी वल्लभ, और अनुष्का जैन को उनके उत्कृष्ट डिज़ाइन के लिए अवार्ड दिए गए।

# टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, इसे मिली कप्तानी



**लाहौर (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज फातिमा सना को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्वकप 2024 के लिए तेज गेंदबाज फातिमा सना को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। उन्हें निदा डार की जगह कप्तान बनाया गया है।

22 वर्षीय फातिमा के लिए यह पहला अवसर होगा जब वह किसी भी आईसीसी स्पर्धा इवेंट में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगी। उन्होंने पहले दो बार एकदिवसीय पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व किया है। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय चयन समिति के द्वारा कप्तानी में किए गए इस बदलाव के अलावा पाकिस्तान की टीम पहले की जैसी ही है।

पिछले महीने उनकी जो टीम महिला टी-20 एशिया कप कि लिए गई थी, उसमें बस एक बदलाव किया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज नाजिहा अल्वी की जगह बल्लेबाज सदफ शमास को टीम में शामिल किया गया है। सदाफ वर्ष 2023 के महिला टी-20 विश्वकप में भी टीम का हिस्सा थीं। उल्लेखनीय है कि महिला टी-20 विश्वकप तीन अक्तूबर से शुरू होगा। पाकिस्तान ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ है। बंगलादेश में राजनीतक अस्थिरता के कारण टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया है लेकिन अभी तक टूर्नामेंट के संशोधित कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है।

### महिला टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है

फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इराम जावेद, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नश्रा संधू, निदा डार, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल (फिटनेस के आधार पर), सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मीया रबाब और तूबा हसन।

# युवा शटलर तन्वी पत्री ने जीता एशियाई अंडर-15 का खिताब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में रविवार को खेले गए फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में अपनी दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20 21-11 से जीत हासिल की। तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमशः 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था। तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा।



फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही। तन्वी ने दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और मैच जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह से भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। ज्ञान दत्तू टीटी ने शनिवार को अंडर-17 वर्ग में लड़कों की एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब पर नोवाक जोकोविच की निगाह

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे।



इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है। जोकोविच ने कहा, 'लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है। मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं।

सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आपकी खेल भावना और विशेष मुस्कान की कमी खलेगी, धवन के संन्यास पर बोले कोहली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लंबे समय तक अपने साथी रहे शिखर धवन को भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक करार दिया और कहा कि उनके उत्साह, खेल भावना और विशिष्ट मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन उनकी विरासत हमेशा बनी रहेगी।

शीर्ष क्रम के प्रमुख बल्लेबाज धवन ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। कोहली ने एक्स पर लिखा, 'शिखर, आपके पदार्पण पर साहसिक प्रदर्शन से लेकर भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बनने तक, आपने हमें अनगिनत यादें दी हैं। खेल के प्रति आपके जुनून, आपकी खेल भावना और आपकी ट्रेडमार्क मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन आपकी विरासत हमेशा बनी रहेगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कई यादें देने के लिए 'गब्बर' के नाम से मशहूर धवन का आभार व्यक्त किया और इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'ढेर सारी यादें देने, अविस्मरणीय प्रदर्शन करने और हमेशा जीजान से खेलने के लिए आपका आभार। गब्बर आपको मैदान के बाहर की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं। धवन ने कोहली और रोहित शर्मा के साथ मिलकर सीमित ओवरों की क्रिकेट में लंबे समय तक भारतीय शीर्ष क्रम को मजबूती दी थी। कोहली और धवन दोनों पश्चिम दिल्ली के रहने वाले हैं और उन्होंने लगभग एक साथ अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। कोहली और धवन लगभग एक दशक तक भारतीय टीम में साथी खिलाड़ी रहे।



# जो रूट की 62 रन की पारी आई काम, इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में श्रीलंका को हराया

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** जो रूट ने नाबाद 62 रन की पारी खेली जिसकी मदद से इंग्लैंड ने खराब शुरुआत से उबरकर श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराया। इंग्लैंड के सामने 205 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम एक समय तीन विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। रूट ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली। उन्हें हैरी ब्रूक (32) का अच्छा सहयोग मिला जिससे इंग्लैंड लगातार चौथा टेस्ट मैच जीतने में सफल रहा। इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 205 रन बनाए। इंग्लैंड ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था। इससे पहले श्रीलंका की टीम अपनी दूसरी पारी में 326 रन पर आउट हो गई थी। उसकी तरफ से सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे कामिंडु मेंडिस ने सर्वाधिक 113 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद श्रीलंका की पारी बिखर गई। मेंडिस का यह चार टेस्ट मैच के अपने करियर का तीसरा शतक है। श्रीलंका ने अपने आखिरी चार विकेट 26 रन के अंदर गंवाए। दिनेश चंडीमल (79) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। इन दोनों टीम के बीच दूसरा टेस्ट मैच लॉर्ड्स में गुरुवार से खेला जाएगा।

ऑफ द फील्ड

# इन कारोबार में इन्वेस्ट कर रहे हैं भारतीय क्रिकेटर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व और वर्तमान क्रिकेटर खेल के साथ ही अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इक्विटी और अन्य कम्पनियों में भी निवेश कर रहे इक्विटी निवेश कर रहे हैं। कुछ विभिन्न नए उपक्रमों के संस्थापक बन रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एमएस धोनी ने आईपीओ-बाउंड ज्वैलरी मेकर ब्लूस्टोन में हिस्सेदारी हासिल की है जबकि वेंचर फंड पीक एक्सवी पार्टनर्स स्टार बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के स्पोर्ट्स शू स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए तैयार है। फाइलिंग के अनुसार पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने स्पोर्ट्स एथलीजर फर्म एजिलिटास स्पोर्ट्स में हिस्सेदारी ली है जिसकी स्थापना अभिषेक गांगुली ने की थी जो प्यूमा इंडिया के प्रबंध निदेशक थे।



सौदों से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, एंडोर्समेंट सौदों पर ध्यान केंद्रित करने से एथलीट अब इक्विटी सौदों में अधिक रुचि ले रहे हैं, साथ ही कंपनी के संचालन में गहरी भूमिकाएं भी निभा रहे हैं-खासकर वे जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन एक बड़ा ब्रांड मूल्य बना चुके हैं। यह वैश्विक सेलिब्रिटी सौदों की तरह ही रुचि का एक बड़ा क्षेत्र बन रहा है।

मीडिया ने पहली बार तेंदुलकर के पूर्व स्विगी इंस्टामार्ट प्रमुख कार्तिक गुरुमूर्ति के साथ उनके एथलेटिक ब्रांड को लॉन्च करने के लिए सहयोग के बारे में सूचना दी थी। मामले के जानकार लोगों ने कहा कि सेलेब क्रिकेटर नए उपभोक्ता व्यवसायों को भी विकसित कर रहे हैं, जो आने वाले महीनों में उभरने की संभावना है।

स्टार्टअप्स का समर्थन करने वाले शुरुआती सेलेब्रिटीज में से एक धोनी ने कई तरह के व्यवसायों में निवेश किया है, जिसमें ड्रोन स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पेस, बेंगलुरु स्थित फिटनेस स्टार्टअप तगड़ा रहो, कार प्लेटफॉर्म कार्स24 और डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म खाताबुक शामिल हैं। 2015 में अपनी खुद की निवेश कंपनी यूवीकैन वेंचर्स बनाने वाले सिंह ने ईजीडाइनर, वेलवर्सड और हेल्थियंस सहित अन्य में निवेश किया है।

### इन क्रिकेटरों ने किया निवेश

| क्रिकेटर्स | स्टार्टअप्स | ब्रांड वैल्यू |
| --- | --- | --- |
| सचिन तेंदुलकर | स्त्रञ्च 10 एथलीजर, जेटसिंथेसिस, स्पिनी | 91.3 मिलिन डॉलर |
| एम एस धोनी | ब्लूस्टोन, गरुड़ एयरोस्पेस, खाताबुक | 95.8 मिलिनय डॉलर |
| विराट कोहली | रोगन, वन8 (प्यूमा), रेज कॉफी | 227.9 मिलियन डॉलर |
| रोहित शर्मा | लियो1, वीरूट्स वेलनेस, रैपिडोबोटिक्स | 41 मिलियन डॉलर |
| हार्दिक पांड्या | हार्दिक पंड्या, अरेटो, लेंडेनक्लब | 38.4 मिलियन डॉलर |

# सौरव गांगुली नहीं, युवराज सिंह हो सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स के कोच




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स नए कोच के रूप में युवराज सिंह से बातचीत कर सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने बीते महीने ही रिकी पोंटिंग को कोचिंग पद से विदाई दे दी थी। इसके बाद सौरव गांगुली ने खुद आगे आकर यह संभावना जताई थी कि वह खुद दिल्ली की कोचिंग करने के इच्छुक है। लेकिन इसी बीच गांगुली की बजाय युवराज सिंह का नाम सामने आ रहा है। इससे पहले, रिपोर्टों में दावा किया गया था कि युवराज गुजरात टाइटंस के कोच के रूप में आशीष नेहरा की जगह ले सकते हैं लेकिन सूत्र बताते हैं कि नेहरा गुजरात में बने रहेंगे जिसके चलते युवराज पर सबकी नजरें आ गई थीं। युवराज के पास भले ही कोचिंग का कोई पूर्व अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और पंजाब के कुछ अन्य क्रिकेटरों के साथ मिलकर काम किया है। दिल्ली के पास अनुभवी कोच रिकी पोंटिंग थे। ऐसे में युवराज सिंह की एंट्री से दिल्ली अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत कर सकती है। युवराज ने भारत के लिए 40 टेस्ट, 304 एकदिवसीय और 58 टी20ई खेले हैं। 2007 और 2011 में भारत की टी20 और वनडे विश्व कप टीम में उनकी प्रमुख भूमिका रही थी। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो वह पिछले लगातार तीन सीजन से प्लेऑफ में नहीं पहुंच पा रही। आखिरी बार दिल्ली 2020 के आईपीएल फाइनल में पहुंची थी तब वहां उन्हें मुंबई इंडियंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। अब क्योंकि रिकी पोंटिंग दिल्ली के साथ नहीं है तो ऐसे में फ्रेंचाइजी भी उनके जितने बड़े कद के क्रिकेटर को लाना चाहेगी।

सिंकिफील्ड कप शतरंज

# अलीरेजा से जीत बाजी गुकेश के हाथ से निकली

**सेंट लुईस (एजेंसी)।** ग्रांड चैस टूर के अंतिम पड़ाव सिंकफील्ड कप क्लासिकल शतरंज सुपर ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट के चौथे राउंड में भारत के डी गुकेश फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा के खिलाफ एक लगभग जीती बाजी नहीं जीत पाये और मुक़ाबला बेनतीजा रहा, मार्च में फीडे कैंडिडैट के दौरान गुकेश को पहले भाग में अलीरेजा से हार का सामना करना पड़ा था और अंतिम राउंड के ठीक पहले गुकेश नें अलीरेजा को हराकर ही कैंडिडैट टूर्नामेंट जीतना काफी हद तक तय कर दिया था, इस मुक़ाबले में सफ़ेद मोहरो से खेल रहे गुकेश नें खेलो की 23वीं चाल में अपने हाथी को कुर्बान करते हुए खेल को काफी हद तक अपने पक्ष में कर किया था पर 50वीं चाल में हाथी की एक गलत चाल नें अलीरेजा को वापसी का मौका दे दिया और अंत में गुकेश के पास एक अतिरिक्त ऊंट होते हुए भी खेल तकनीकी तौर पर बेनतीजा रहा। अन्य मुकाबलों में यूएसए के वेसली सो नें रूस के यान नेपोमनिशी को पराजित करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की और अब वह अलीरेजा के साथ 2.5 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त में शामिल हो गए है। भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें नीदरलैंड के अनीश गिरि के खिलाफ काले मोहरो से इंग्लिश ओपनिंग में 33 चालों में बाजी ड्रॉ खेली, अन्य दो मुकाबलों में भी चीन के डिंग लीरेन नें यूएसए के फबियानों करूआना से और फ्रांस के मकसीम लागरेव नें उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला। फिलहाल गुकेश और प्रज्ञानन्दा 2 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है।



पाकिस्तान-बांग्लादेश टेस्ट

# मुशफिकुर रहीम के 191 रन, बांग्लदेश ने बनाए 565 रन

**करांची (एजेंसी)।** मुशफिकुर रहीम ने 191 रन की शानदार पारी खेलने के साथ ही मेहदी हसन मिराज (77) के साथ 7वें विकेट के लिए 196 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की जिससे बांग्लादेश ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट में पाकिस्तान के तेज आक्रमण को कुंद करते हुए चौथे दिन अपनी पहली पारी में 565 रन बनाए। मुशफिकुर ने अपनी साढ़े 8 घंटे से अधिक की मैराथन पारी के दौरान 341 गेंद में एक छक्का और 22 चौके जड़कर बांग्लादेश को पहली पारी में 117 रन की बड़ी बढ़त दिलाई। यह बांग्लादेश का घर से बाहर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर था। उसके बल्लेबाजों ने घास वाली पिच पर चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की पाकिस्तान की योजना को विफल कर दिया।



पिच बल्लेबाजी के लिए आसान दिख रही है। अपनी पहली पारी छह विकेट पर 448 रन पर घोषित करने वाले पाकिस्तान ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज सैम अयूब का विकेट जल्दी खो दिया और स्टंप्स के समय उसका स्कोर एक विकेट पर 24 रन था। टीम अब भी बांग्लादेश से 94 रन पीछे है। अब्दुल्ला शफीक 12 रन जबकि कप्तान शान मसूद 9 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। मुशफिकुर ने टेस्ट करियर की अपनी 11वीं शतकीय पारी के दौरान मैदान की हर दिशा में शॉट लगाए।

# भारतीयों के लिए अपना क्रिकेट फॉर्मेट बदलने को मजबूर हुआ इंग्लैंड

**लंदन (एजेंसी)।** क्रिकेट का जन्मदाता इंग्लैंड अब भारतीय दर्शकों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अपने घरेलू क्रिकेट लीगों में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अपनी घरेलू लीगों में न केवल फॉर्मेट में बदलाव करने की योजना बना रहा है, बल्कि वह भारतीय बाजार से जुड़े निवेशकों को लुभाने के लिए अपनी टीमों में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए भी तैयार है। यह कदम अगले महीने से शुरू होने की संभावना है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय दर्शकों की संख्या में वृद्धि और निवेश को आकर्षित करना है।

### मुख्य बदलाव और योजनाएं

**घरेलू लीग का फॉर्मेट–** ईसीबी वर्तमान में अपनी प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता 'द हंड्रेड' को भारतीय दर्शकों की पसंद के अनुसार बदलने की योजना बना रहा है। इस प्रतियोगिता में अभी 100 गेंदों का फॉर्मेट है, लेकिन ईसीबी 2028 तक इसे पारंपरिक टी20 फॉर्मेट में बदलने के लिए तैयार है। यह बदलाव भारतीय दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जो कि टी20 फॉर्मेट के बड़े प्रशंसक हैं।

**हिस्सेदारी और निवेश–** ईसीबी अपनी टीमों में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है, ताकि भारतीय निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। भारतीय निवेशकों को लुभाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, जिसमें आईपीएल फ्रेंचाइजी और अन्य बड़े भारतीय निवेशकों की भागीदारी की उम्मीद की जा रही है। इससे इंग्लिश क्रिकेट को बड़े निवेश प्राप्त होने की संभावना है।

**फ्रेंचाइज़ी स्वामित्व–** आईपीएल फ्रेंचाइजियों की इंग्लिश टीमों में हिस्सेदारी खरीदने में भारी रुचि है। ईसीबी इस दिशा में और कदम उठाने की योजना बना रहा है, जिसमें टीमों के नाम बदलने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि भारतीय निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। यह एक बड़ा रणनीतिक बदलाव होगा, जिससे इंग्लिश क्रिकेट में पारंपरिक मॉडल से हटकर वैश्विक बाजारों की ओर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**भविष्य की योजनाएं–** ईसीबी का यह रणनीतिक बदलाव इंग्लिश क्रिकेट को नए दिशा में ले जा सकता है, जहां भारतीय बाजार का महत्वपूर्ण प्रभाव रहेगा। यह कदम इस बात को दर्शाता है कि भारतीय दर्शक और निवेशक अब इंग्लिश क्रिकेट के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो गए हैं। ईसीबी भविष्य में भारतीय बाजार को ध्यान में रखते हुए और भी बदलाव कर सकता है, जो कि इंग्लिश क्रिकेट के विकास के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



**लंकाशायर क्रिकेट क्लब की रणनीति –** लंकाशायर क्रिकेट क्लब ने भारतीय दर्शकों को आकर्षित करने के लिए पहले से ही कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। क्लब ने अपने मैचों का भारत में प्रसारण शुरू किया है और जियो टीवी के साथ साझेदारी करके 25 लाख नए दर्शक जोड़े हैं। इसके अलावा, क्लब ने भारतीय खिलाड़ियों जैसे श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, और वेंकटेश अय्यर के साथ करार किया है, ताकि भारतीय दर्शकों से और गहरा संबंध बनाया जा सके। लंकाशायर की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है।

**लंकाशायर क्लब के अतिरिक्त प्रयास –** लंकाशायर क्लब ने भारतीय दर्शकों के साथ और जुड़ाव बढ़ाने के लिए अपने सुपर जायंट्स टीम के साथ भी बातचीत की है। क्लब के मालिक डेनियल गिडनी ने बताया कि उन्होंने 2019 में भारत-पाक मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट की ताकत को पहचाना था। उस समय उन्होंने अपने होटल और मैदान में भारी भीड़ देखी, जिससे उन्हें भारतीय बाजार की महत्वपूर्णता का एहसास हुआ। अब वे इसे अपनी रणनीति का केंद्र मानते हैं। लंकाशायर क्लब के होटल का उल्लेख विशेष रूप से 2019 के भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच के संदर्भ में किया गया है। इस मैच के दौरान, लंकाशायर क्लब के होटल, जिसका नाम 'हिल्टन होटल' बताया गया है, में भारतीय दर्शकों की अत्यधिक भीड़ जुटी थी। इस दौरान, हिल्टन होटल में कमरों की मांग बहुत अधिक बढ़ गई थी। होटल के कमरों की कीमतें उस समय ?3 लाख (भारतीय रुपये) से भी अधिक हो गई थीं, जो सामान्य से काफी ज्यादा थीं। यह घटना इंग्लैंड में भारतीय दर्शकों की जबरदस्त उपस्थिति और उनकी खरीद क्षमता को दर्शाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मान सरकार के खिलाफ राज्य कर्मचारियों में रोष, पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



**कपूरथला, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी शासित पंजाब में पेंशन से जुड़ी मांग को लेकर पंजाब कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा की तरफ से प्रदेश सरकार के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रदेश के कर्मचारियों के साथ मुलाकात नहीं कर रहे हैं। सरकार द्वारा मानी गई मांगों को अब तक लागू नहीं किया गया। मौके पर मौजूद नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान बार-बार मीटिंग करते हैं और फिर लिए गए फैसलों से पीछे हट जाते हैं। पंजाब के कर्मचारियों और पेंशनरों से मलिने से सीएम के इनकार के बाद कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के संयुक्त मोर्चे के नेताओं में रोष है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुतला फूंका गया। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विभाग में प्रमोशन करने, कच्चे कर्मचारियों को वेतन अवकाश का बकाया देने, वेतन आयोग की रिपोर्ट सही ढंग से लागू करने का वादा किया था, लेकिन सरकार सभी वादों से मुकर गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कच्चे-पक्के कर्मचारियों की बहाली और पक्का करने की मांगें जल्द मान ली जाएं, नहीं तो पंजाब में बड़े स्तर पर संघर्ष होगा। इसके अलावा बठिंडा में शनिवार को रिटायर्ड पुलिस कर्मियों की ओर से अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। मांगें समय से पूरा नहीं करने पर सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की चेतावनी भी दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा जब से भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री बने हैं, उस दिन से पेंशनरों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। सरकार डीए की किश्त और पिछला बकाया नहीं दे रही। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक संघर्ष करते रहेंगे।

### महाराष्ट्र में फिर दरिंदगी, पैरोल पर आए हत्या के आरोपी ने 15 वर्षीय लड़की से किया रेप

**मुंबई, एजेंसी।** पैरोल पर बाहर आए एक हत्या के आरोपी ने महाराष्ट्र के सांगली शहर में 15 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी संजय प्रकाश माने (34) को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि माने 2011 में हुई हत्या के एक मामले में आरोपी है और दो महीने पहले ही पैरोल पर बाहर आया था। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे लड़की दुकान पर जाने के लिए निकली थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और जबरन अपने घर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की ने शनिवार को अपनी मां को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई और दो घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि माने ने पिछले महीने भी लड़की के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक निजी स्कूल की कैंटीन में काम करने वाले एक नाबालिग ने सात वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नायगांव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक रमेश भामे ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रहने वाले 16 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसे 'रिमांड होम' भेज दिया। उन्होंने बताया कि कथित घटना नायगांव स्थित एक निजी स्कूल में घटी। जब दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची ने बृहस्पतिवार को स्कूल कैंटीन जाने से इनकार कर दिया और अपनी कक्षा अध्यापिका को बताया कि वहां काम करने वाला एक अंकल उसे परेशान करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक को इसकी सूचना दी गई तथा बच्ची से आगे की पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने पिछले 15 दिनों में तीन-चार बार उसका यौन उत्पीड़न किया।

# मार्च 2026 तक देश को नक्सली हिंसा से मुक्त करा देंगे: अमित शाह



**रायपुर, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नक्सलियों से लड़ाई आखिरी चरण में है और यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। यह बात उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतरराज्यीय समीक्षा बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ रूथलेस (निर्मम) रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का वक्त आ गया है। हमारा मानना है कि वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले चालीस सालों में करीब 17 हजार लोगों की जान गई है। जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया। शाह ने कहा, जिनके हाथ में हथियार है उनके हाथ से हथियार छुड़ाना और जो नहीं छोड़ रहे हैं उन्हें इंगेज करने की दिशा में काम किया गया। इसके साथ ही वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र का विकास करना भी हमारी प्राथमिकता रही है। कई उपलब्धियां रही हैं। साल 2022 में चार दशकों में मृत्यु का प्रतिशत सबसे कम रहा। टॉप 14 नक्सली लीडर्स को मार गिराया गया। हमने दो उद्देश्यों को लेकर काम किया। पहला नक्सल क्षेत्रों में कानून का शासन स्थापित करना और दूसरा इन इलाकों को विकसित करना। केंद्रीय गृहमंत्री ने आगे कहा, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और कुछ हद तक महाराष्ट्र नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है। वर्ष 2004 से 2014 तक 16 हजार घटनाएं हुई थीं और 2014 के बाद से अब तक करीब सात हजार घटनाएं हुई हैं। करीब 53 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने आगे कहा, 'वामपंथी उग्रवाद की वजह से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे। राज्य सरकार जल्द नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करेगी। नक्सलियों ने शांति वार्ता पर उन्होंने ने अपील करते हुए कहा कि नक्सली सरेंडर करें, हथियार छोड़े हम उनकी चिंता करेंगे। समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ और उसके पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों के अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। शाह ने कहा कि शनिवार को हुई बैठक में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में कल्याण और विकास की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में प्रगति और अवसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा भी की गई।

## गला घोंटकर 3 हिस्सों में काटा शव; गाजियाबाद में लव ट्राएंगल में हुई इंटीरियर डिजाइनर की हत्या

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में पिछले हफ्ते से लापता एक इंटीरियर डिजाइनर की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने गला घोंटकर जान लेने के बाद मृतक के शरीर को तीन टुकड़ों में बांटकर नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने मृतक के शरीर का एक हिस्सा बरामद कर लिया है, जबकि अन्य दो टुकड़ों की तलाश जारी है।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि लड़की के चक्कर में उन्होंने युवक की जान ले ली। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर तरुण पंवार 16 अगस्त को राजनगर एक्सटेंशन इलाके से लापता हो गए थे और इस संबंध में उनके बहनोई अमन स्वामी ने अगले दिन स्नढ्ढक्र दर्ज कराई थी। स्वामी ने कहा कि पंवार किसी काम से पास के मोरटा गांव के बाजार गए थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी काम नहीं कर रहा था। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों पवन, वंश और अंजलि को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने बुलंदशहर जिले से बहने वाली गंग नहर के रामगढ़ जलप्रपात से तरुण के कुछ अंग बरामद किए हैं तथा शरीर के बाकी हिस्सों की तलाश की जा रही है। सिंह के अनुसार हत्या में प्रयुक्त एक कुदाल और एक दरांती, खून से सने दो गद्दे और आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई एक कार तथा मृतक पंवार की एक अन्य कार भी बरामद की गई है।

## कुतिया के साथ अननेचुरल सेक्स, वीडियो लीक होने पर दबोचा गया हवसी दरिंदा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर गाजियाबाद का एक साढ़े पांच मिनट का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक कमरे में एक कुतिया के साथ अननेचुरल सेक्स करता नजर आ रहा है। यह मोदीनगर के बलवंतपुरा कॉलोनी की घटना है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि आरोपी युवक लंबे समय से यह हैवानियत कर रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, बलवंतपुरा कॉलोनी का एक युवक काफी समय से फीमेल डॉग को हवस का शिकार बना रहा था। उसकी इस हरकत से कॉलोनी के लोग परेशान थे। काफी समझाने के बाद भी वह इस घिनौनी करतूत से बाज नहीं आ रहा था। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी का वीडियो कॉलोनी के लोगों ने लीक कर दिया। साढ़े पांच मिनट के वीडियो में उसकी दरिंदगी कैद हो गई है। वीडियो में युवक की हैवानियत से फीमेल डॉग चीखती हुई नजर आ रही है। किसी ने छिपकर यह वीडियो शूट कर लिया। बलवंतपुरा कॉलोनी निवासी एक युवक ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक सुरेंद्र को पकड़ लिया गया है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि बहुत समझाने के बाद भी युवक ऐसी हरकतें बार-बार कर रहा था। लीक हुए वीडियो पर सोशल मीडिया पर लोगों ने भारी नाराजगी जताई है। एक यूजर ने लिखा कि इस युवक की हरकत बहुत घटिया है।

## तोता सहित पक्षियों को कैद करने, खरीदने और बेचने पर सजा

**रायपुर, एजेंसी।** बीजेपी शासित एक राज्य में तोतों और अन्य पक्षियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसके बावजूद पक्षियों की हो रही खरीद-बिक्री पर वन विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है। राज्य के प्रधान वन संरक्षक एवं वन प्रमुख ने कानूनन संरक्षण पाए जाने वाले तोतों और अन्य पक्षियों की राज्य के समस्त क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर रोक लगा दी थी। विभाग ने माना है कि उस आदेश पर कार्रवाई न करने के कारण पक्षी प्रेमियों में व्यापक रोष है। उनके अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी स्थान में यदि तोतों एवं अन्य पक्षियों की, जो वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम में है, उनकी खरीदी एवं बिक्री पर तत्काल रोक लगाएं। इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए और आम जनता तक यह सूचना प्रसारित की जाए कि तोता एवं अन्य पक्षी को घरों में पालना एवं खरीदी बिक्री वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें सजा का प्रावधान है।

# बसपा का अब किसी चुनाव में सपा या कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा: मायावती



**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने दो टूक कहा है कि बसपा का अब किसी चुनाव में सपा या कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा। मायावती के बारे में मथुरा के एक बीजेपी विधायक की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों पर अखिलेश यादव द्वारा निंदा किए जाने और इसके बाद बसपा सुप्रीमो द्वारा सपा मुखिया का आभार जताने के बाद गठबंधन सियासत को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। रविवार को मायावती ने ऐसी सारी अटकलों पर अपनी ओर से फुल स्टॉप लगा दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक के बाद एक दी प्रतिक्रियाओं में मायावती ने शनिवार को प्रयागराज में आयोजित कांग्रेस के संविधान सम्मान समारोह पर भी सवाल उठाया। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आए थे। मायावती ने लिखा कि संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहेब को उनके जीते-जी और देहान्त के बाद भी भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। उन्होंने लिखा, इसके साथ ही, बाबा साहेब के मूवमेन्ट को गति देने वाले मान्यवर श्री कांशीराम जी का देहान्त होने पर इसी कांग्रेस ने केन्द्र में अपनी सरकार के रहते इनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक तथा सपा सरकार ने भी राजकीय शोक घोषित नहीं किया। इनकी ऐसी दोगली सोच, चाल, चरित्र से जरूर सजग रहें।

मायावती ने आगे लिखा, इसके इलावा, केन्द्र में बीजेपी की सत्ता आने से पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार में राष्ट्रीय जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई थी जो अब इसकी बात कर रहे हैं, जवाब दें जबकि बीएसपी इसके हमेशा ही पक्षधर रही है, क्योंकि इसका होना कमजोर वर्गों के हित में बहुत जरूरी है। उन्होंने लिखा, इतना ही नहीं, संविधान के तहत् एससी/एसटी को मिले आरक्षण में अब वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के जरिये, इसे निष्प्रभावी बनाने व खत्म करने की चल रही साजिश के विरोध में कांग्रेस, सपा व बीजेपी आदि का भी चुप्पी साधे रखना क्या यही इनका दलित प्रेम है, सचेत रहें।

**गठबंधन क्या उचित होगी:** अपनी प्रतिक्रिया में बसपा सुप्रीमो ने स्पष्ट कर दिया कि अब सपा या कांग्रेस से उनकी पार्टी का गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने लिखा, सपा व कांग्रेस आदि जैसी इन आरक्षण विरोधी पार्टियों के साथ अब किसी भी चुनाव में इनसे कोई गठबन्धन आदि करना क्या एससी, एसटी व ओबीसी वर्गों के हित में उचित होगा। यह कतई नहीं होगा ऐसे में अब इनको खुद अपने दम पर खड़े होना है, यही सलाह।

# रेड स्क्वायर का बीमार-बूढ़ा आदमी है पुतिन, जेलेंस्की ने उड़ाया रूस के राष्ट्रपति का मजाक



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का मजाक उड़ाया। जेलेंस्की ने पुतिन को रेडस्क्वायर का बीमार बूढ़ा आदमी बताया। जेलेंस्की शनिवार को सोवियत संघ से यूक्रेन की आजादी के 33 साल पूरे होने पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने नव-विकसित यूक्रेनी ड्रोन मिसाइल का प्रचार किया और कहा कि यह मिसाइल रूस को युद्ध से पीछे धकेल देगी।

जेलेंस्की ने कहा कि नया हथियार पलियानित्सिया, घरेलू रूप से निर्मित ड्रोन की तुलना में तेज और अधिक शक्तिशाली है, जिसका उपयोग कीव ने अब तक रूस के खिलाफ लड़ने, उसकी तेल रिफाइनरियों और सैन्य हवाई क्षेत्रों पर हमला करने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि हमारा दुश्मन अब जानेगा कि जवाबी कार्रवाई का यूक्रेनी तरीका क्या है।

जेलेंस्की ने रूस के 71 वर्षीय राष्ट्रपति पुतिन और मॉस्को से आने वाली परमाणु बयानबाजी का वर्णन करने के लिए उपहासपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने एक वीडियो में कहा, रेड स्क्वायर का एक बीमार बूढ़ा व्यक्ति जो लगातार लाल बटन से सभी को धमकी देता है, वह अपनी कोई भी लाल रेखा हमें निर्देशित नहीं करेगा।

जेलेंस्की ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हमारे नए हथियार निर्णय, जिसमें पलियानित्सिया भी शामिल है, कार्य करने का हमारा यथार्थवादी तरीका है, जबकि हमारे कुछ साझेदार दुर्भाग्य से निर्णय लेने में देरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पलियानित्सिया शब्द, जो यूक्रेनी ब्रेड का एक प्रकार है, रूसियों के लिए उच्चारण करना बहुत कठिन है। इसका उपयोग कभी-कभी विनोदी रूप से युद्ध के दौरान यूक्रेनियन और रूसियों को अलग बताने के तरीके के रूप में किया गया है। जेलेंस्की ने ड्रोन मिसाइल के बारे में कहा, रूस के लिए यह बताना भी मुश्किल होगा कि वास्तव में उस पर क्या हमला हुआ है। इसके अलावा, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने शीर्ष कमांडर कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की को जनरल के पद पर पदोन्नत किया। ऑलेक्जेंडर को पदोन्नति का यह तोहफा छह अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सीमा पार से हुई घुसपैठ की ओर इशारा करता है। कीव के अनुसार, यूक्रेन के आक्रमण ने कुर्स्क क्षेत्र में 90 से अधिक बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। पोलैंड और लिथुआनिया के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए जेलेंस्की ने कहा, यह ऑपरेशन उत्तरी शहर सुमी पर कब्जा करने की रूसी योजनाओं को रोकने के लिए एक निवारक कदम था।

## ब्रिटेन में आम जन-जीवन बेहतर होने से पहले बदतर हो जाएगा, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने दी चेतावनी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अपने नागरिकों को एक चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में आम जन-जीवन बेहतर होने से पहले बदतर हो जाएगा। चार जुलाई को स्टार्मर की लेबर पार्टी ने शानदार जीत के साथ सत्ता में आई। उन्होंने बताया कि उन्हें आर्थिक के साथ सामाजिक ब्लैक होल भी विरासत में मिला है।

पीएम स्टार्मर ने कहा, हमें आर्थिक ब्लैकहोल के साथ सामाजिक ब्लैक होल भी विरासत में मिला है। इसलिए हमें कार्रवाई करनी होगी और चीजों को अलग तरीके से करना होगा। यह कितना कठिन होगा, ईमानदारी से कहूं तो यहां जीवन बेहतर होने से पहले बदतर हो जाएगा। वित्त मंत्री रशेल रीव्स ने हाल ही में पहले बजट के दौरान खर्च में कटौती और टैक्स में वृद्धि को लेकर कठिन निर्णय की चेतावनी दी थी। लेबर पार्टी की चुनावी जीत के बाद से ही रीव्सने लगातार पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पार्टी पर 29 बिलियन डॉलर का ब्लैक होल छोड़ने का आरोप लगाया।

विपक्ष का कहना है कि रीव्स को महीनों पहले देश की वित्तीय स्थिति के बारे में पता चल गया होगा और वह अब अलोकप्रिय घोषणाओं के बारे में योजना बना रही होंगी। पीएम कीर स्टार्मर लोगों को यह बताना चाहते हैं कि चीजें जितनी हमने कभी कल्पना की थी उससे भी बदतर है। उन्होंने आगे कहा, पिछले हफ्ते हमें 29 बिलियन डॉलर का



ब्लैक होल मिला और हम यह किसी को कहने नहीं देना चाहते हैं कि यह कोई राजनीतिक खेल है।

बीआरओ (ऑफिस फॉर बजट रिस्पॉन्सिबिलिटी) को इसके बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने चिट्ठी लिखकर ऐसा कहा। उन्हें नहीं मालूम क्योंकि पिछली सरकार ने इसे छुपाया था। पीएम स्टार्मर हाल ही में सामूहिक चाकूबाजी से भड़के दंगों पर भी बात करेंगे, जिसमें टेलर स्विफ्ट थीम पर आधारित डांस क्लास में छह से नौ साल की उम्र की तीन युवा लड़कियों की मौत हो गई थी।

# रूस और यूक्रेन के बीच युद्धबंदियों का आदान-प्रदान



**मॉस्को, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पौलेंड और यूक्रेन के दौरे पर गए थे। उनकी वतन वापसी हो गई है। इससे पहले यूक्रेन में पीएम मोदी ने साफ कह दिया था वह युद्ध के पक्षधर नहीं हैं और शांति का संदेश लेकर आए हैं। पीएम मोदी ने यहां तक कह दिया था कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति की आंख में आंख डालकर कहा था कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, ऐसे में आमने-सामने बैठकर संवाद के जरिए ही इसका हल निकालना बेहतर होगा। इसके बाद अब खबर आई है कि युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन ने युद्धबंदियों के आदान-प्रदान का फैसला किया है और दोनों ही देशों के 230 युद्धबंदी अपने-अपने वतन वापस पहुंच गए हैं। वैसे खबर आ रही है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धबंदियों का सफलतापूर्वक आदान-प्रदान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मध्यस्थता के बाद हुआ है।

एक बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के बातचीत के परिणामस्वरूप, कुर्स्क क्षेत्र में पकड़े गए 115 रूसी सैनिकों को कीव शासन द्वारा नियंत्रित क्षेत्र से वापस कर दिया गया है। बदले में, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 115 युद्धबंदियों को स्थानांतरित कर दिया गया।

इसमें उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में, सभी रूसी सैनिक बेलारूस के क्षेत्र में हैं, जहां उन्हें आवश्यक मनोवैज्ञानिक और चिकित्सा सहायता मिल रही है, साथ ही अपने रिश्तेदारों से संपर्क करने का अवसर भी मिल रहा है। मंत्रालय ने कहा, सभी रिहा किए गए सैनिकों को रूसी रक्षा मंत्रालय के चिकित्सा संस्थानों में इलाज और पुनर्वास के लिए रूसी संघ में पहुंचाया जाएगा। संयुक्त अरब अमीरात ने कैद से रूसी सैनिकों की वापसी के दौरान मानवीय मध्यस्थता के प्रयास किए।

यह आदान-प्रदान तब हुआ जब यूक्रेन की स्वतंत्रता की 33वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने भी पिछली बार छोड़े गए युद्धबंदियों के आदान-प्रदान के एक महीने से भी कम समय बाद दोनों देश के द्वारा एक बार फिर उसकी मध्यस्थता प्रयासों में सहयोग के लिए रूसी और यूक्रेनी सरकारों की सराहना की। इसमें कहा गया है कि यूएई के द्वारा दोनों देशों के बीच किए गए मध्यस्थता प्रयासों के माध्यम से बदले गए बंदियों की कुल संख्या 1,788 तक पहुंच गई है। यूएई मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि नई मध्यस्थता की सफलता, इस साल की शुरुआत के बाद से सातवीं बार संभव हो पाया है। इसके पीछे की वजह यूएई का दोनों पक्षों के साथ मजबूत संबंध और साझेदारी है।

## अमेरिका द्वारा उत्पन्न किसी भी परमाणु खतरे से निपटने के लिए उत्तर कोरिया तैयार - विदेश मंत्रालय

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को अमेरिका की परमाणु नीति की आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिका द्वारा उत्पन्न किसी भी प्रकार के परमाणु खतरे का मजबूती से सामना करेगा। उत्तर कोरिया ने अमेरिका की परमाणु नीति की निंदा करते हुए कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एकतरफा परमाणु बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहा है और अन्य देशों को परमाणु खतरे के रूप में पेश कर रहा है। यह जानकारी समाचार एजेंसी श?न्हुआ ने कोरियन सेंट्रल समाचार एजेंसी के हवाले से दी है। इसमें उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा जारी प्रेस बयान का हवाला दिया गया है।

बयान में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के परमाणु रुख में बदलाव से वैश्विक परमाणु संतुलन, सुरक्षा वातावरण और परमाणु निरस्त्रीकरण प्रणाली पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका के पास वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा परमाणु शस्त्रागार है। बयान में कहा गया कि अमेरिका ने दक्षिण कोरिया और जापान सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक परमाणु-आधारित सैन्य ब्लॉक बनाया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129